दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 12 मार्च 2026 कृष्ण पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 320 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि उस जीत का अपना अलग ही मजा है जब आपके दुश्मन आपकी हार की दुआ कर रहे हों। हमारे देश में भी ऐसे कई गद्दार हैं जो टीम इंडिया को टी ट्वंटी वर्ल्ड कप के फायनल मैच में हारते हुए देखने के लिए मरे जा रहे थे। उनके मंसूबों पर पानी फिर गया और भारत तीसरी बार विश्व कप जीत गया। नतीजतन ये जलकुकड़े अब विश्व कप को मंदिर में ले जाए जाने पर कोहराम मचा रहे हैं। विश्व कप 140 करोड़ भारतीयों का है, ले जाओ उसे गुरुद्वारा,चर्च और मस्जिद में कौन रोक रहा है?

13 साल से कोमा में बेटा, माता-पिता की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दी इच्छामृत्यु

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे।

पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। परिवार ने बताया कि बेटे के इलाज के लिए अपनी संपत्ति तक बेच दी, लेकिन अब आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बेटे की तकलीफ भी नहीं देखी जाती। फैसले पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में शेक्सपीयर का जिक्र किया

जस्टिस पारदीवाला ने फैसला सुनाते वक्त अमेरिकी धर्मगुरु हेनरी वार्ड बीचर के शब्दों का हवाला देते हुए कहा, 'ईश्वर मनुष्य से यह नहीं पूछते कि वह जीवन स्वीकार करता है या नहीं, उसे जीवन लेना ही पड़ता है।' उन्होंने विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक हेलमेट की पंक्ति 'To be or not to be' का भी जिक्र करते हुए कहा कि अदालतों को कई बार इसी तरह के प्रश्नों के संदर्भ में 'मरने के अधिकार' पर विचार करना पड़ता है।

हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरा था

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है। इसमें रिकवरी की कोई गुंजाइश नहीं होती। 13 साल से बिस्तर पर पड़े होने की वजह से हरीश के शरीर पर बेडसोर्स यानी गहरे घाव बन गए हैं। उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। यह स्थिति हरीश के लिए बहुत दर्दनाक है। परिवार के लिए उन्हें ऐसे देखना मानसिक रूप से बेहद कठिन हो गया है।

लाल आतंक का अंत जल्द: सरेंडर करने वालों में कई बड़े कैडर के नक्सली, फोर्स के दबाव में बैकफुट पर संगठन

बस्तर में एक किलो 'सोना' के साथ 108 नक्सलियों का सरेंडर

जगदलपुर-कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में आज 108 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने इनके सरेंडर में रेड कार्पेट बिछाया। नक्सली अपने साथ जंगल से 1.64 करोड़ का 1 किलो सोना, 3 करोड़ 61 लाख कैश और 101 हथियार भी साथ लेकर आए, जो पुलिस को सौंप दिया।

लेवी वसूली के दौरान नक्सलियों ने यह पैसा इकट्ठा किया था। नक्सलियों के पास 7 एके-47, 10 इंसास राइफल, 5 एसएलआर राइफल, 4 एमजी राइफल, 20 नग 303 राइफल, 11 बीजीएम लॉन्चर बरामद हुए हैं। इन्हें सरकार की नीतियों का पूरा लाभ दिया जाएगा। पुलिस ने अपील की है कि, जो भी नक्सली बचे हैं, वो भी समय रहते सरेंडर कर दें। इन सरेंडर नक्सलियों पर 3.95 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है। सरेंडर कार्यक्रम में बस्तर संभाग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ 3.61 करोड़ कैश और 101 हथियार लेकर सरेंडर

■ पुनर्वास नीति का लाभ, रेड-कार्पेट बिछाकर स्वागत

■ नक्सलियों पर 3.95 करोड़ रुपए का इनाम था

जगदलपुर में 3.29 करोड़ के इनामी 108 सशस्त्र माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इनमें 44 महिला माओवादी भी शामिल हैं। यह बस्तर में शांति, सुशासन और विकास की जीत का प्रमाण है। भयमुक्त और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण हमारा अटल संकल्प है।
- विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमारी सरकार की नीतियों और सुरक्षा बलों के निरंतर अभियान के कारण माओवादी अब हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। सरकार उन्हें पुनर्वास की सभी सुविधाएं प्रदान कर रही है। बचे नक्सली भी सरेंडर कर दें। 31 मार्च 2026 तक राज्य में नक्सलवाद समाप्त करने का हमारा लक्ष्य पूरा होगा।
- विजय शर्मा, गृहमंत्री, छत्तीसगढ़

जगदलपुर में डीकेएसजेसी के 108 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें 44 महिला और 64 पुरुष नक्सली शामिल हैं। सभी सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर कुल 3.२९ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा बस्तर रेंज के विभिन्न जिलों में चलाए गए अभियानों से माओवादी संगठन बैकफुट पर है।
- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

05	डिवीजनल कमेटी के सदस्य
02	PLGA कंपनी के प्रमुख पदाधिकारी
15	प्लाटून पार्टी कमेटी के सदस्य
21	एरिया कमेटी सदस्य (ACM)
63	पार्टी सदस्य (PM)

ओडिशा में 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

इधर ओडिशा के कंधमाल जिले में भी माओवादी संगठन को झटका लगा है, जहां स्टेट कमेटी मेंबर सनू पोटाम उर्फ नीतू समेत 10 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन सभी पर कुल 1 करोड़ 65 लाख 62 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बताया जा रहा है कि आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी माओवादी मूल रूप से छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

देशभर में एलपीजी की किल्लत एजेंसी के बाहर लगी लंबी लाइन

■ बिहार में पुलिस की सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर, राजस्थान में कालाबाजारी

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो रही है। गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर लंबी लाइनें लगी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है।

मध्य प्रदेश: कैटरर्स बोले- ये इमरजेंसी जैसी स्थिति: कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप होने से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट पर है। वहीं घरेलू रसोई गैस लेने के लिए गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी है। जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक: साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर आमजन को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एलपीजी के साथ ही पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आपूर्ति व्यवस्था पर सतत नजर रखने को कहा गया है।

न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट ने निरंजन दास की जमानत अर्जी की खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में फंसे पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास की जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि आर्थिक अपराध में आरोपी की मुख्य भूमिका है। लिहाजा, जमानत नहीं दी जा सकती। दूसरी ओर हाईकोर्ट ने एक अन्य आरोपी दीपेन चावड़ा की जमानत मंजूर की है।

नोवा स्पंज-आयरन प्लांट में हादसा, चार मजदूर झुलसे

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नोवा स्पंज आयरन प्लांट के फर्नेस सेक्शन में काम के दौरान अचानक पिघला हुआ लोहा (मोल्टन मेटल) मजदूरों पर गिर गया। जिससे काम कर रहे 4 मजदूर बुरी तरह झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है।

चंदन को राजधानी विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर आंशिक फेरबदल करते हुए दो अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अलग-अलग आदेशों में यह निर्णय लिया गया। जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2011 बैच के भा.प्र.से. अधिकारी चंदन कुमार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिना टेंडर जंबूरी, ऐसी क्या थी मजबूरी

■ जंबूरी खर्च पर सदन में हंगामा, नारेबाजी, मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में जंबूरी आयोजन में अनियमितता और विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने जंबूरी आयोजन में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। टेंडर खुलने से पहले ही काम शुरू हो गया था। उन्होंने सवाल किया कि जंबूरी के लिए निविदा कितनी बार ■ शेष पृष्ठ 8 पर



विधायक रिकेश सेन पूरी तरह सुरक्षित

शून्य काल में विधायक रिकेश सेन को जान से मारने की धमकी का मुद्दा सदन में गूंजा। उमेश पटेल ने सुरक्षा और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। संसदीय मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विधायक पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि विपक्ष ने स्पष्टीकरण से असंतुष्ट होकर नारेबाजी और वॉकआउट किया।

जवाब आने तक विपक्ष कार्यवाही में भाग नहीं लेगा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधायक से बात की गई है और जवाब आने तक विपक्ष कार्यवाही में भाग नहीं लेगा। इसके बाद आसंदी ने संसदीय कार्यमंत्री को मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप इस मामले में दुर्ग के एसपी और कलेक्टर से बात करके करेंगे।

दुर्ग के सभी फॉर्म-हाउस की होगी जांच: कलेक्टर

■ कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दूसरी बार दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

दुर्ग/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम की अवैध खेती को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी विकास विश्नोई ने अफीम की खेती करना यूट्यूब वीडियो देखकर सीखा था। उसके मोबाइल की हिस्ट्री में खेती से लेकर अफीम तैयार करने और खपाने तक के सैकड़ों वीडियो मिले हैं। इधर अब कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के सभी फार्म हाउस की जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने मौके से अफीम की फसल नष्ट कर दिया है। ट्रैक्टर, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

6 साल से दुर्ग में रह रहा था विश्नोई

बताया जा रहा है कि आरोपी विकास विश्नोई पिछले करीब 6 साल से दुर्ग में रह रहा था। वो भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के कपास के फॉर्म हाउस में अपनी पत्नी के साथ रहता था। 3 मार्च को खेत में लगी अफीम की फसल की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो पत्नी को दुर्ग से राजस्थान भेज दिया।

फूलों की खेती करना बताकर लीज में लिया जमीन और उगाया अफीम

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर के त्रिपुरी क्षेत्र के सरनाटोली गांव में करीब 5 एकड़ में अफीम की फसल मिली, जिसे नष्ट करने की तैयारी की जा रही है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम मौके पर फसल को उखड़वा रही है और पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जा रही है। पुलिस ने खेतों की काम करने वाले झारखंड के 5 लोगों को हिरासत में लिया है। अफीम की खेती करने वाले सरगना की तलाश की जा रही है। इधर कांग्रेस ने जांच टीम बनाई है।

बलरामपुर जिले के छापेमारी के दौरान मौके पर बड़ी मात्रा में अफीम के डोडे सूखते मिले। पुलिस ने करीब 5 बोरी डोडा जब्त किया है। जिनमें चीरे लगे थे। ये डोडे सूखाने के लिए तोड़े गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि झारखंड के एक व्यक्ति ने जशपुर जिले के ग्राम राझाडीपा निवासी भाजपा नेता और पूर्व सरपंच जिरमल राम के माध्यम से किसानों से संपर्क किया था। जमीन लीज में लेकर फूलों की खेती करना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

सीएम साय बोले- संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान जरूरी, आदिवासी समाज और मातृशक्ति का अपमान देश कभी स्वीकार नहीं करेगा

राष्ट्रपति के अपमान पर साय सख्त, ममता को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी को कड़ा पत्र लिखकर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ हाल ही में हुए व्यवहार पर गहरी आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि जनजातीय समाज से आने वाली देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति के साथ किया गया यह व्यवहार केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था, आदिवासी समाज और मातृशक्ति का अपमान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में कहा है कि भारत की लोकतांत्रिक परंपराएं और शिष्टाचार पूरी दुनिया में सम्मानित रहे हैं। मतभेद को कभी भी मनभेद में न बदलने की हमारी संस्कृति रही है, लेकिन राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति न्यूनतम शिष्टाचार का भी पालन न किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से ठीक पहले एक जनजातीय समाज से आने वाली महिला राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही और उनका अपमान किया जाना अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश के करोड़ों आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों और मातृशक्ति की भावनाओं को गहराई से आहत करने वाली है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य सरकार के व्यवहार को लेकर स्वयं राष्ट्रपति जी को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संवैधानिक पदों का सम्मान किया जाना चाहिए: साय

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था का प्रतीक हैं और उनके सम्मान से ही लोकतंत्र की गरिमा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर संवैधानिक पदों का सम्मान

किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट कहा कि जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति के सम्मान से जुड़ा यह विषय पूरे देश की अस्मिता और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है, इसलिए देश और समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस प्रकरण में जिम्मेदारी के साथ कदम उठाए जाना आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ में तैनात एयरफोर्स के विंग कमांडर ने की आत्महत्या

रायपुर/नवप्रदेश। विधायक विश्राम गृह के बंगला नंबर 79 में परिवार के साथ निवासरत एयरफोर्स के विंग कमांडर के खुदकुशी करने की खबर है। हरियाणा निवासी विपुल यादव की खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं है। घटना तेलीबांधा थाना इलाके की है, जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे।

बताया जा रहा है कि विंग कमांडर की पत्नी बेंगलुरु में जॉब करती है और दो दिन पहले ही दिल्ली चली गई। उसके दो बच्चे पिता के साथ रायपुर में ही रहते थे। पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। पुलिस मामले

की जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

एसीपी सिविल लाइन रमाकांत साहू ने बताया कि विंग कमांडर विपुल यादव एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ में पदस्थ थे। कमरे से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। खुद के बेडरूम के पंखे से लटकर फांसी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कर्मा जयंती सहित विभिन्न आयोजनों को लेकर जिला साहू संघ की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। जिला साहू संघ धमतरी की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को तेली सती सभा हॉल परिसर में आयोजित की गई इस अवसर पर जिले भर से साहू समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमे बैठक में समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की शुरुआत समाज के आराध्य देवी-देवताओं एवं जननायकों को स्मरण करते हुए की गई। इस दौरान समाज के विभिन्न जन्मोत्सव कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाने तथा समाज के प्रत्येक गांव से युवाओं को जोड़कर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही शिक्षा, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।बैठक में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खेल प्रतिभाओं तथा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा समाज में एकता, सहयोग और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी।जिसमे जिला साहू संघ धमतरी अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि आगामी 14 मार्च को जिला धमतरी में साहू समाज की बाइक रैली निकाली जाएगी तथा 15 मार्च को कर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण अध्यक्षों एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को आसपास के गांवों में जाकर लोगों को कर्मा जयंती के महत्व के बारे में जागरूक करने और कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित लोग

बैठक में पूर्व विधायक लेखराम साहू के द्वारा जिला साहू संघ को 100 नग कुर्सियां भेंट की घोषणा की गई। अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए जिसमे बैठक में गणेश राम साहू (अध्यक्ष), दया राम साहू (संरक्षक), चित्तरजन साहू (संरक्षक), सुभाष चंद साहू (संगठन सचिव), राजेंद्र साहू (उपाध्यक्ष), निर्मला साहू उपाध्यक्ष,विजय साहू (महासचिव), संत राम साहू (कोषाध्यक्ष), लीलाराम साहू लोकेश्वर साहू ,रामगोपाल साहू, अरुण साहू अध्यक्ष युवा प्रको.जागृति साहू सयोजिका , सीमात साहू अ.ब्या.प्रको. डीहूराम साहू अंक.गोवर्धन साहू , ठाकुर राम साहू , कामत प्रसाद साहू, रोहित साहू रेखा साहू , लोकेंद्र साहू, नारायण वर्मा ,अनीता, मंजू साहू, उमेश कुमार साहू, देवेंद्र कुमार साहू, तुलाराम साहू सहित जिला साहू संघ के सभी पदाधिकारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, ग्रामीण अध्यक्ष एवं महिला प्रकोप की पदाधिकारी बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश प्रवक्ता बने गजेंद्ररथ गर्व

खरोरा/नवप्रदेश। प्रदेश की सबसे बड़ी गैर राजनीतिक संगठन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश प्रवक्ता व मुख्य सलाहकार नियुक्त हुए गजेंद्ररथ गर्व छत्तीसगढ़ में लगातार एक दशक से आम छत्तीसगढ़ियों के अधिकार की लड़ाई लड़ने वाली प्रदेश की सबसे बड़ी गैर राजनीतिक संगठन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्ररथ गर्व को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता व मुख्य सलाहकार नियुक्त किया है। गजेंद्ररथ वर्तमान में छत्तीसगढ़िया पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं और लंबे समय से छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए लड़ते रहे हैं, एक दशक से वे छ्त्यस के सक्रिय सदस्य रहते हुए विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष रहते गजेंद्ररथ ने लगभग दर्जनों गांवों में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित कर क्षेत्रीय अस्मिता को जगाने का प्रयास किया जिसका परिणाम आज दिखता है, वे लगातार अपने सोशल मीडिया शो इतवार जोहार छ्ढ्क्ष्ब्ध के माध्यम से प्रदेशवाद की विचारधारा स्थानीय नवजवानों में भर रहे हैं।

ढारा-खैरागढ़ मार्ग की हालत जर्जर नवरात्रि में श्रद्धालु होंगे परेशान

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार तैयारियां की जा रही हैं। माता बमलेश्वरी के दरबार में हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि को सुरक्षित, व्यवस्थित और भव्य तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर बैठकों और निरीक्षण का दौर जारी है।हाल ही में जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक हर्षिता बघेल, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी तथा नगर पालिका के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।बताया जाता है की बैठक में विशेष रूप से पदयात्री मार्ग, सेवा पंडाल, चिकित्सा सुविधाएं, विद्युत और पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान तथा मंदिर परिसर में प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई है । अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और हर वर्ष की तरह इस बार भी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। विकासखंड कोरबा के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से पहुँच सके, इसके लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की धीमी प्रगति देखकर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त की और त्वरित सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।कलेक्टर ने निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी भवन तथा शिक्षक एवं चिकित्सक आवास की संरचना का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए किए जाएँ। साथ ही, इंजीनियरों को समय-समय पर स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए। ग्राम लेमरू में चिकित्सक आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

स्कूल सुबह पाली में लगाए जाने की मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग की है। स्कुल शिक्षा विभाग प्रशासन को पत्राचार कर शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है द्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गर्मी का तापमान अधिकतम की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश मैं शालाए दो पाली मैं संचालित की जा रही है। द्वितीय पाली मैं लगने वाले स्कूलों मैं दोपहर के समय स्कूल से घर लौटते वक्त बच्चों को डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक (लू लगना) जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छोटे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

तांदुला ओवरब्रिज से राजहरा चौक तक हटाया गया अतिक्रमण

हाईवे किनारे अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, तनाव की स्थिति, पुलिस रही तैनात

बालोद/नवप्रदेश। शहर में मंगलवार को प्रशासन का बड़ा बुलडोजर एक्शन देखने को मिला। तांदुला ओवरब्रिज से राजहरा चौक तक नेशनल हाईवे किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की। इस दौरान टीन शेड, अस्थायी दुकानें, प्लेटफॉर्म और पक्के चबूतरे तक तोड़े गए। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में गहमागहमी का माहौल रहा और कुछ स्थानों पर विरोध की स्थिति भी देखने को मिली।

सुबह से ही राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंच गई थी। बुलडोजर और जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कई दुकानों के सामने बने टीन शेड और प्लेटफॉर्म हटाए गए, वहीं कुछ स्थानों पर पक्के चबूतरों को भी तोड़ा गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वाले कुछ लोग नाराज नजर आए।

पुलिस की मौजूदगी में जारी रही कार्रवाई

संभावित विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर कार्रवाई लगातार जारी रही। पुलिस जवानों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी थी ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से की जा रही है।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। हाल ही में इस मार्ग पर डिवाइडर का निर्माण किया गया है ।और अब सड़क को और चौड़ा करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाना जरूरी बताया गया है।

शहर में बना चर्चा का माहौल

मंगलवार को दिनभर शहर में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। सड़क किनारे बने कई अस्थायी और स्थायी ढांचे हटने के बाद इलाके की तस्वीर बदलती नजर आई।प्रशासन का कहना है कि जहां-जहां अतिक्रमण किया गया है, वहां आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क चौड़ीकरण का कार्य बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। फिलहाल तांदुला ओवरब्रिज से राजहरा चौक तक चले इस बुलडोजर एक्शन ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है और अतिक्रमण करने वालों में हलचल मचा दी है।

प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटाने से पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने का समय दिया गया था, लेकिन तय समय में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के कारण बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करनी पड़ी।

नगरी में पेंशनर्स समाज ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, अतिथियों का किया सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी द्वारा जोन स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव अध्यक्षता पेंशनर्स समाज की इंद्राणी मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.एल. देव, ए.एल. बनपेला तथा नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित पार्षदगण उपस्थित है । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से किया गया। इसके बाद इंद्राणी मिश्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने महिला दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि महिलाएं आज राष्ट्र, प्रदेश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं।

कार्यक्रम का संचालन अलका गजपाल ने किया। उन्होंने महिलाओं को प्रथम पूज्य बताते हुए समाज में उनकी महिमा का उल्लेख किया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं शक्ति का स्वरूप हैं और आज वे पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। जिसमे

कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष आर.एल. देव, संरक्षक ए.एल. बनपेला, सचिव पी.आर. चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जी.एस. वर्मा, डी.एस. ध्रुव, सुश्री शकुन कश्यप, एल.एस. गजपाल, अलका गजपाल, योगेंद्र गौर, जे.के. साहू, शारदा प्रसाद ग्वाले, नरेश ध्रुव, यशवंत नाग, एस.के. नाग, मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

नंदी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 को

नगरी/नवप्रदेश। सांकरा के नंदी चौक की पहचान नन्दी की मूर्ति से हुआ करती थी। यह मूर्ति न सिर्फ चौक की रौनक थी बल्कि आसपास के लोगो और व्यापारियों की आस्था का केंद्र भी थी। कई व्यापारी ऐसे है जो नंदी महाराज से आशीर्वाद लेकर ही अपना कारोबार शुरू करते है।

विभिन्न पर्व व धार्मिक उत्सवों के अवसर पर नन्दी मूर्ति के आसपास खास माहौल रहता था लेकिन विगत दिनों नंदी चौक में पूर्व में स्थापित नंदी की मूर्ति को दूसरे स्थान ले जाया गया। उसके बाद से नंदी चौक के सभी दुकानदार चौक में सूनापन महसूस कर रहे थे। चौक का न सिर्फ नाम बल्कि पहचान भी नंदी के नाम पर थी, मूर्ति हटने से पहचान ही खो गयी थी। पुराना वैभव लौटाने के किए आसपास के लोगो व दुकानदारों ने बैठक लेकर चर्चा की, जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नंदी चौक के पुराने स्थान पर फिर मूर्ति स्थापना की जाएगी। यह प्रस्ताव पारित करते हुए नंदी समिति का गठन भी किया गया। समस्त ग्रामीणों का सहयोग लेकर नन्दी मूर्ति की स्थापना का निर्णय लिया गया ताकि कोई व्यक्ति विशेष मूर्ति पर अपना अधिकार जताते हुए उसे अन्यत्र न ले जा सके। सांकरा के लोगो ने नन्दी चौक ने नन्दी महाराज की फिर से स्थापना के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाया, जिससे नंदी चौक में नंदी बाबा की मूर्ति बनकर तैयार हो गयी है। पश्चिमबंगाल के मूर्ति कलाकार को बुलाकर भव्य मूर्ति बनवाया गया है। 17 मार्च को पंडित डोमन प्रसाद के द्वारा पूरे विधि विधान से वेदी पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

सेवानिवृत्त पर निगम के 4 कर्मचारी को दी गई विदाई

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश/ नगर निगम के सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में सहायक राजस्व निरीक्षक श्री कांतिलाल कोसरे, सहायक ग्रेड-3 श्री राजेन्द्र कुमार रामटेके, वाहन चालक श्री बैन्जामिन युनूस एवं सफाई कामगार श्रीमती श्यामबाई डोंगरे को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके, राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज हमारे 4 कर्मचारी जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए उनके लिये बिदाई समारोह आयोजित किया गया है। कर्मचारियो का सेवानिवृत्त होकर संस्था से जाना दुखद तो होता है, लेकिन शासकीय प्रक्रिया से सभी बंधे हुए है। उन्होंने कहा कि हमारे चारो कर्मचारी निगम के महत्वपूर्ण विभाग में काम किये है। श्री कांतिलाल कोसरे ने विधि विभाग में अपने दायित्वों का बहुत कुशलता से निभाया है। इसी प्रकार श्री राजेन्द्र रामटेके ने प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण विभाग में काम किया, वही बैजामिन यूनूस ने मोटर विभाग के साथ साथ नगर सेना में फायर ब्रिग्रेड का सफल संचालन किया तथा श्रीमती श्यामबाई ने सफाई जैसे कार्य को बखुबी निभाया। उन्होंने कहा कि इनका स्थान कोई नही ले सकता, लेकिन जुनियर कर्मचारियो को इनसे सीख लेकर काम करनी चाहिए।

मोदी युग में महिला सशक्तिकरण ख्वाब नहीं हकीकत है : बजाज

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि भारत की नारी ने हर युग में अपनी महानता सिद्ध की है। रामचरित मानस में माता सीता के त्याग एवं तपस्या की अमर गाथा हर नारी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अभनपुर क्षेत्र के ग्राम बेलर एवं भटगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित रामकथा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास की भावना के कारण भारत की नारी और अधिक सशक्त होकर उभर रही है। महिला सशक्तिकरण के कारण देश में तेजी से विकास हो रहा है। श्री बजाज ने कहा कि मोदी युग में महिला सशक्तिकरण ख्वाब नहीं हकीकत है। उन्होंने आगे कहा कि रामायण प्रेरणादायी ग्रंथ है, इससे हमें कर्तव्य पथ पर चलने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि राम की भक्ति में ही राष्ट्र की शक्ति निहित है। श्री बजाज ने कहा कि वर्तमान दौर में पूरी दुनिया के देशों में अंतर द्वंद चल रहा है लेकिन भारत एक मात्र ऐसा देश है जहां शांति और सद्भाव है।

बहुआयामी दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं डॉ.अष्वनी कुमार ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी के संयोजन में महाविद्यालय के विगत 42 वर्षो में प्रथम बार दिनांक 11 एवं 12 मार्च 2026 को हिन्दी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पीएम-उशा द्वारा प्रायोजित भारतीय ज्ञान परंपरा का समकालीन विमर्शः बहुआयामी दृश्टिकोण विशय पर दो दिवसीय राश्ट्रीय संगोश्ठी का षुभारंभ हुआ जिसका उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध वैचारिक विरासत को समकालीन संदर्भों में समझना तथा उसके विविध आयामों पर सार्थक अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करना है।

प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, वंदेमातरम एवं राजकीय गीत से हुआ ।

सत्र के कीनोट स्पीकर डॉ.एन.जी.पेंडसे सेवानिवृत्त प्राध्यापक रानी दुर्गावती वि.वि.जबलपुर, चेयरपर्सन-डॉ.प्रभा वेरुलकर प्राचार्य, षास.महा.मगरलोड, कोचेयरपर्सन-डॉ.रमेष कुमार देवांगन प्राध्यापक वाणिज्य, षास.महा.नगरी, रिपोर्टर-प्रो.आर.आर.मेहरा एवं डॉ.कविता षास.महाविद्यालय नगरी रहें । अतिथियों का स्वागत पुशपगुच्छ एवं बैच, मेमेंटो से किया गया । अतिथियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा की व्यापकता और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

सुशासन में सशक्त होती महिलाएं : मजदूरी से शुरू हुआ सफर, आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान

आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं सारंगपुरी की मधु कंवर

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में नई पहचान स्थापित कर रही हैं। धमतरी जिले की सारंगपुरी पंचायत निवासी मधु कंवर इसकी एक प्रेरणादायी मिसाल हैं, जिन्हें आज क्षेत्र में लोग सम्मानपूर्वक ÷लखपति दीदी÷ के नाम से जानते हैं।कभी आर्थिक तंगी के कारण दूसरों के खेतों में मजदूरी करने वाली मधु कंवर ने अपने संघर्ष, मेहनत और शासन की योजनाओं के सहयोग से जीवन की दिशा बदल दी। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

आज मधु कंवर अपने गांव में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का संचालन कर रही हैं। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, आधार कार्ड अपडेट, श्रम कार्ड पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, बिजली बिल भुगतान सहित विभिन्न ई-गवर्नेंस सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध हो रही हैं।इस पहल से ग्रामीणों को अब छोटी-छोटी शासकीय सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ता। मधु को इस कार्य से प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रुपये की नियमित आय भी हो रही है, जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है।

आजीविका मिशन से मिला आत्मविश्वास

मधु कंवर ने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना भी कठिन हो गया था। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जय माँ कर्मा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर नई शुरुआत की।समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने धान खरीदी-बिक्री, मशरूम उत्पादन और छोटे स्वरोजगार के कार्य शुरू किए। समूह के सहयोग से उन्हें ऋण की सुविधा भी मिली, जिससे उन्होंने अपने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की। धीरे-धीरे यह केंद्र उनके आत्मनिर्भर बनने का मजबूत माध्यम बन गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर मधु कंवर जैसी महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही हैं।

गोढ़ी में जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में परियोजना धरसीवां 2 अंतर्गत ग्राम पंचायत गोढ़ी में आज जिला स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन परियोजना अधिकारी श्रीमती अलका सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत 7 गर्भवती माताओं का सुपोषण टोकरी देते हुए गोद भराई किया गया एवं 6 माह पूर्ण किए 7 शिशुओं का खीर के द्वारा अन्नप्राशन किया गया।

उड़ीसा में द्रोणिका सक्रिय, बादल छाए, एक-दो दिनों में बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से मराठवाड़ा तक अंदरुनी उड़ीसा छत्तीसगढ़ और विदर्भ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 12 मार्च को मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है।

प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु अधिकतम तापमान में (बस्तर संभाग को छोड़कर) हल्की वृद्धि होने की संभावना बना हुआ है। बस्तर संभाग में दक्षिण से वातावरण के निम्न स्तर पर आने वाली नमी युक्त हवाओं के कारण हल्के बादल छाए हुए हैं तथा अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हो रहा है। प्रदेश में 13-16 मार्च से बस्तर संभाग से वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 14 से 16 मार्च को मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में भी हल्की वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में इस अवधि में गरज चमक के साथ एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

शुष्क हवाओं का प्रभाव

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार प्रदेश में आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का प्रभाव कमजोर पड़ने से न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 14 से 26 मार्च को हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इसके बाद मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान में भी हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

14 से 16 मार्च के बीच बारिश की संभावना

गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले पहली बार आसमान पर बादल नजर आए। बादलों के असर से 24 घंटे में दिन व रात के तापमान में बदलाव हुआ। अधिकतम तापमान जहां डेढ़ डिग्री घट गया, वहीं रात का तापमान 3.7 डिग्री चढ़ा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 14 से 16 मार्च को बारिश हो सकती है। धीरे-धीरे मौसम में बदलाव हो रहा था। गर्मी बढ़ रही थी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिन के तापमान में कमी आई है। सुबह से ही आसमान पर बादलों का असर रहा और धूप की तीव्रता कम रही। दोपहर बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे शाम के समय हल्की ठंड का अहसास हुआ। इससे पहले एक दिन पूर्व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री था, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण हुआ है। एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर राजस्थान और उससे लगे पंजाब व हरियाणा के ऊपर 3.1 से 7.6 किमी की ऊंचाई तक सक्रिय है।

मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक

यात्री सुविधाओं का विस्तार, ट्रेनों के ठहराव के साथ विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के मंडल सभाकक्ष में आज 11 मार्च को प्रात: 11:30 बजे मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) के. श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा समिति के सदस्य अखिलेश सोनथालिया (बिलासपुर), जी. रविकुमार (बिलासपुर), अजय कुमार भट्ट (बिलासपुर), अखिल अग्रवाल (कोरबा), अनुज सेन (उमरिया), राकेश गुप्ता (शहडोल),जितेंद्र कुमार गुप्ता(उमरिया), प्रांजल संजय तामस्कर (रायगढ़) तथा विकास कुमार अग्रवाल (बेलपहाड़) के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर मंडल प्रशासन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आवश्यकतानुसार समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, ट्रेनों के ठहराव, यात्री अनुकूल सुविधाओं की वृद्धि सहित रेलवे विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के स्वागत अभिभाषण एवं सदस्यों के परिचय के साथ हुई। इसके पश्चात दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं, विभिन्न विकासात्मक कार्यों, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल सेवाओं के डिजिटलीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, खानपान सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मंडल में चल रहे विकास कार्यों व सुविधाओं की सराहना

बैठक के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा पूर्व में भेजे गए एजेंडा बिंदुओं एवं सुझावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सम्माननीय सदस्यों ने मंडल में चल रहे विकास कार्यों तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं की सराहना की। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराते हुए विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने समिति के सदस्यों के सहयोग एवं सुझावों के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति यात्रियों की अपेक्षाओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर नियमानुसार प्राथमिकता के साथ कार्य करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे भारतीय रेल की सेवाएं और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितैषी बन सकें। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में विचार-विमर्श, सहयोग और समाधान की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

न्यूज गैलरी

आम फलों की नीलामी 15 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उद्यान रोपणी करगीकलॉ विकासखण्ड कोटा में स्थित आम के मातृ वृक्षों में लगे फलों की नीलामी 15 मार्च को दोपहर 11.30 बजे से 2 बजे तक होगी। उद्यान अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार नीलामी प्रक्रिया बंद लिफाफा पद्धति से संपन्न होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नीलामी की तिथि के पूर्व किसी भी दिवस आम के पौधों में लगे फलों का अवलोकन कर सकते हैं। नीलामी शर्तों की विस्तृत जानकारी उद्यान अधीक्षक कार्यालय करगीकलॉ, विकासखण्ड कोटा से प्राप्त की जा सकती है।

अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल 2026 तक ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रूपए निर्धारित किया गया है। आवेदन व ेबसाइ ट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर किये जा सकते है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने जिले के युवाओं से अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

एसएसपी ने 130 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक फेरबदल की एक बड़ी सूची जारी की है। जारी आदेश के तहत जिले के विभिन्न थानों और इकाइयों में पदस्थ कुल 130 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। तबादला सूची में उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक , प्रधान आरक्षक और आरक्षक स्तर के कर्मचारी शामिल हैं। शहर के प्रमुख थानेः सिविल लाइन, सरकंडा, सिटी कोतवाली और तोरवा। ग्रामीण एवं बाहरी क्षेत्रः सकरी, रतनपुर, चकरभाठा, कोनी, हिर्री, तखतपुर और पचपेड़ी। पुलिस प्रशासन का मानना है कि एक ही स्थान पर लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव से नई ऊर्जा के साथ काम होगा। फेरबदल से अपराधियों पर नकेल कसने और जन-सुनवाई की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

गरिमा ने तहसीलदार का कार्यभार संभाला

सीपत/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तहसीलदार के रूप में पदस्थ गरिमा ठाकुर ने मंगलवार को सीपत तहसील पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर के आदेश के पश्चात उन्होंने सीपत तहसील कार्यालय में कार्यभार संभालते ही क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को सुचारू और जनहितकारी ढंग से संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई। पदभार ग्रहण के अवसर पर तहसील कार्यालय का वातावरण आत्मीयता और उत्साह से भरा नजर आया। तहसील के कर्मचारियों, अधिवक्ताओं तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने श्रीमती ठाकुर का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों की गति और पारदर्शिता और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर ने कहा कि सीपत क्षेत्र की जनता को समय पर और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करना उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि तहसील कार्यालय जनता और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मेरा प्रयास रहेगा कि यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक व्यवहार के साथ शीघ्र न्याय और समाधान मिले। सभी कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के सहयोग से हम सीपत तहसील को बेहतर प्रशासनिक कार्यसंस्कृति का उदाहरण बनाएंगे। पदभार ग्रहण के दौरान तहसील कार्यालय के कर्मचारियों ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नई अतिरिक्त तहसीलदार के आगमन से सीपत क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

शिक्षक ने नाबालिग छात्रा से की छेड़खानी, गिरफ्तार

दही मांगने के बहाने घर में घुसा, कमरे में की गंदी हरकत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में एक टीचर दही मांगने के बहाने किसान के घर में घुस गया। इस दौरान उसने नाबालिग छात्रा को कमरे में ले जाकर छेड़खानी की। उसकी हरकतों को देखकर छात्रा की छोटी बहन ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया। लोगों की भीड़ जुटती इससे पहले ही शिक्षक मौका पाकर भाग निकला। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है।

जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ ग्राम सिर्री निवासी शिक्षक रोहित पटेल 50 वर्ष सरकारी स्कूल में शिक्षक है। उसकी पोस्टिंग बिलासपुर जिले के पचपेड़ी में है। वह रोजाना अपने गांव से स्कूल आना-जाना करता है। सोमवार को वह पचपेड़ी क्षेत्र में रहने वाली दसवीं की छात्रा के घर पहुंचा। इस दौरान दही मांगने का बहाना बनाकर अंदर चला गया। घर पर उस समय किसान की दो बेटियां अकेली थीं। छात्रा को अकेली देखकर शिक्षक की बुरी नियत उस पर पड़ी। उसने चालाकी दिखाते हुए बड़ी बहन को बुलाकर घर के एक कमरे में ले गया। कमरे में पहुंचते ही उसने छात्रा के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। छात्रा ने जब विरोध किया, तो उसने उसका मुंह दबा दिया।

छोटी बहन के शोर मचाने पर भागा शिक्षक

इसी बीच बड़ी बहन की आवाज सुनकर पास ही मौजूद छोटी बहन कमरे तक पहुंच गई। उसने शिक्षक द्वारा जबरदस्ती करते देख शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों की भीड़ जुटती इससे पहले ही आरोपी शिक्षक घर से निकल कर भाग निकला। घटना के बाद छात्राओं के परिजनों ने थाने पहुंच कर शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चाकू की नोंक पर युवक से लूट

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक से चाकू की नोक पर लूटपाट का मामला सामने आया है। दो युवकों ने रास्ता रोककर पहले गाली-गलौज की और फिर चाकू दिखाकर उससे पैसे छीन लिए। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम राव, मराठा वार्ड नंबर 9 तेलंगापारा रतनपुर का निवासी है। वह सावन स्वीट्स के सामने गन्ना रस की दुकान चलाता है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 10 मार्च की रात करीब 8 बजे वह रानीगांव स्थित शासकीय शराब दुकान से दो पाव शराब खरीदकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान शराब भट्ठी के सामने सड़क पर करैहापारा निवासी विक्कु रावत अपने एक साथी के साथ खड़ा मिला। दोनों ने उसका रास्ता रोक लिया।

कलेक्ट्रेट-एसपी ऑफिस के बाहर ट्रांसफार्मर में आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज दोपहर कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के कई सरकारी दफ्तरों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जिससे कुछ समय के लिए कामकाज प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में बुधवार दोपहर अचानक आग भड़क उठी। ट्रांसफार्मर से धुआं और लपटें निकलते ही वहां मौजूद कर्मचारियों और लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। आग लगते ही आसपास स्थित सरकारी दफ्तरों की बिजली आपूर्ति तत्काल बंद हो गई। इसके कारण कलेक्ट्रेट

परिसर सहित आसपास के कार्यालयों में कुछ समय के लिए कामकाज प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने स्थिति का जायजा लेने के बाद आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पा लिया। इसी दौरान नेहरू नगर बिजली केंद्र के अधिकारी बी.बी. नेताम भी मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर और बिजली व्यवस्था की जांच शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण हल्की आग लगने की आशंका जताई जा रही है। वहीं संबंधित अधिकारियों की ओर से किसी बड़ी लापरवाही की पुष्टि नहीं की गई है। फिलहाल बिजली विभाग की टीम ट्रांसफार्मर और बिजली आपूर्ति व्यवस्था की जांच में जुटी हुई है।

बजट सत्रः विधायक सुशांत शुक्ला के सवाल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सदन में रखी पूरी जानकारी

विधानसभा में गूंजा सरकारी विज्ञापनों में नेशनल हेराल्ड का मुद्दा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में राज्य में कुछ पत्र-पत्रिकाओं को दिए गए सरकारी विज्ञापनों का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला ने सदन में प्रश्न उठाते हुए वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच जनसंपर्क विभाग द्वारा नेशनल हेराल्ड, संडे नवजीवन, तथा नवसृजन मैग्जीन को जारी किए गए सरकारी विज्ञापनों और उनकी राशि की विस्तृत जानकारी मांगी। प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदन को बताया कि नेशनल हेराल्ड को पिछले पांच वर्षों में कुल 4 करोड़ 24 लाख रुपये के सरकारी

विज्ञापन दिए गए। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि सरकारी विज्ञापन जनता के कर के पैसे से दिए जाते हैं, इसलिए उनका वितरण पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुरूप होना चाहिए। सदन के माध्यम से यह जानकारी जनता के सामने आना आवश्यक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और सभी विज्ञापन निर्धारित नियमों और विज्ञापन नीति के तहत ही जारी किए जाते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने वर्षवार दी जानकारी

मुख्यमंत्री ने वर्षवार जानकारी देते हुए बताया कि 2019-20: 34 लाख रुपये, 2020-21: 58 लाख रुपये, 2021-22: 68 लाख रुपये, 2022-23: 1 करोड़ 28 लाख रुपये, 2023-24: 1 करोड़ 36 लाख रुपये। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2024-25 और 2025-26 में नेशनल हेराल्ड को कोई विज्ञापन भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इसी अवधि में नवसृजन मैगज़ीन को कोई विज्ञापन राशि जारी नहीं की गई, जबकि संडे नवजीवन को लगभग 3 करोड़ 6 लाख रुपये के विज्ञापन जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि नेशनल हेराल्ड के प्रबंधकर्ता पवन बंसल हैं। इस विषय पर पूरक प्रश्न के दौरान वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने भी सवाल उठाते हुए पूछा कि इन विज्ञापनों को किस नीति के तहत जारी किया गया और क्या किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े प्रकाशनों को सरकारी विज्ञापन दिया जाना उचित है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि सरकारी विज्ञापन प्रति पृष्ठ लगभग 8 लाख रुपये की दर से जारी किए गए हैं और पूरी प्रक्रिया विज्ञापन नियमावली 2019 के प्रावधानों के तहत की गई है। विधानसभा में उठे इस प्रश्न के माध्यम से सरकारी विज्ञापनों के वितरण में पारदर्शिता और जवाबदेही का विषय प्रमुखता से सामने आया।

गीता यादव बनी 'लखपति दीदी'

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम साल्हेखापा निवासी गीता यादव ने मेहनत, लगन और सरकारी योजनाओं के सहयोग से आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। कभी मुश्किल और परेशानियों भरे जीवन में सीमित आय में परिवार का गुजारा करने वाली गीता यादव आज 'लखपति दीदी' बनकर ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। गीता ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। गीता यादव के परिवार की मुख्य आजीविका पहले कृषि कार्य पर निर्भर थी। पर्याप्त भूमि होने के बावजूद संसाधनों की कमी के कारण परिवार की कुल वार्षिक आय केवल 88,100 रुपये थी, जिससे परिवार की जरूरतें पूरी करना कठिन था।साल 2021 में उन्होंने बिहान योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूह से जुड़कर बैंक ऋण, सीआईएफ और आरएफ की सहायता प्राप्त की। इस सहयोग से उन्होंने कृषि कार्य के साथ-साथ मुर्गी पालन, मछली पालन और भैंस पालन जैसे नए व्यवसाय शुरू किए। इन प्रयासों से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

सुविचार

लोग यदि आपका विरोध करें तो डरो मत क्योंकि लोग उसी पेड़ पर पत्थर मारते हैं जिन पर फल लगे होते हैं। - अज्ञात

महिलाओं की हो सकती है बल्ले-बल्ले

संसद के बजट सत्र में ही नारी वंदन अधिनियम में एक बार फिर संसोधन होने की अटकलें लगाई जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व ही महिलाओं की बल्ले बल्ले हो जाएगी और उन्हें लोकसभा तथा देश के सभी राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल जाएगा। गौरतलब है कि 2023 में सरकार ने नारी वंदन अधिनियम के नाम से महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा था जो सर्वसम्मति से पारित हो गया था। यही नहीं बल्कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने तो इस महिला आरक्षण विधेयक को कानून का रूप देकर तत्काल लागू करने की पूर्जोर मांग भी उठाई थी। उल्लेखनीय है कि इस महिला आरक्षण कानून में यह प्रावधान किया गया था कि इसे जनगणना पूरी होने के बाद और लोकसभा सीटों का नये सिरे से परिसीमन करने के बाद लागू किया जाएगा। इस प्रावधान के चलते ही महिला आरक्षण और लंबे समय तक टलने की संभावना बन गई थी। भारत में जनगणना का काम ही पिछले पांच सालों से टलता रहा है लेकिन अब इसके प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है और 2027 तक जनगणना का काम पूरा होने की उम्मीद की जा रही है। किन्तु परिसीमन का काम और लंबी अवधि तक चल सकता है क्योंकि अभी तक परिसीमन आयोग का गठन ही नहीं किया गया है। ऐसे में परिसीमन की जटिल प्रक्रिया को पूरा होने में चार पांच साल से भी अधिक का समय लग सकता है। जाहिर है इस स्थिति में 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ेगा और उन्हें पांच साल और इसका इंतेजार करना पड़ेगा। अब सरकार ने आगामी लोकसभा चुनाव में आधी आबादी कही जाने वाली महिलाओं को अपने पक्ष में करने के लिए 2029 से पहले ही महिला आरक्षण कानून को लागू करने का मन बना लिया है जो शुभ संकेत है। सरकार ने इसकी कवायद भी शुरू कर दी है। विपक्षी पार्टियों के साथ उसने चर्चा भी शुरू कर दी है ताकि बजट सत्र में ही महिला आरक्षण कानून में एक बार फिर संसोधन किया जाये और इससे लोकसभा सीटों से परिसीमन का प्रावधान हटाया जाये। यदि सरकार इसमें सफल हो जाती है और विपक्षी पार्टियां भी अपनी सहमति जता देती है तो निश्चित रूप से 2029 के लोकसभा चुनाव में 1 तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी और उसके बाद होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाएगा। गौरतलब है कि महिला आरक्षण विधेयक दशकों से संसद में लटका हुआ था। इसके पारित कराने में न तो तात्कालीन सरकारों ने दिलचस्पी दिखाई थी और न ही विपक्षी पार्टियां इसके लिए सहमत हुई थी। खासतौर पर क्षेत्रीय पार्टियां तो महिला आरक्षण विधेयक के सख्त खिलाफ रही हैं। यही वजह है कि महिला आरक्षण विधेयक लंबे समय तक ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। बहरहाल 2023 में एनडीए की सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर गंभीरता दिखाई और पहली बार तमाम विपक्षी पार्टियां भी इससे सहमत हो गई किन्तु जनगणना और परिसीमन की बाध्यता के चलते महिला आरक्षण कानून की राह में रोड़ा आ गया था अब उसे हटाने की तैयारी की जा रही है जो स्वागत योग्य कदम है। वर्तमान में लोकसभा में सिर्फ 74 महिला सांसद हैं जो महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद बढ़कर 179 हो जाएगा। जब इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं देश की संसद में पहुंचेंगी तो महिलाओं के हित में और ज्यादा प्रभावी कानून बनने लगेंगे। इसी तरह देश की विभिन्न विधानसभाओं में सिर्फ 390 महिला विधायक हैं जिनकी संख्या महिला आरक्षण कानून लागू होने से बढ़कर 1360 हो जाएगी। जाहिर है ऐसा होने पर ही सही मायने में महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा और आधी आबादी को पूरा नहीं तो एक तिहाई हक तो मिल ही जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए की संसद के इस बजट सत्र में महिला आरक्षण कानून मे आवश्यक संसोधन हो जाएगा। बशर्ते सत्ता पक्ष और विपक्ष नूरा कूसती बंद करके इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपना ध्यान केन्द्रित करे और महिला आरक्षण कानून को संसोधित कर तत्काल लागू करें।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ जाएगी नहीं। जो बचपन में सीखा हुआ ज्ञान होता है वो मरता नहीं है, वो बढ़ता ही जाता है ब्याज के साथ इसलिए शिक्षा को बचपन से ही सही रखिए।

◆ अहंकारी कहते किसको हैं? जो कामी है पर स्वयं मानता नहीं, क्रोधी है पर स्वयं मानता नहीं, लोभी है पर स्वयं मानता नहीं; वही तो अहंकारी है। जिसने मान लिया उसका अहंकार जल गया।

◆ मोह रहते प्रेम सदा ढका रहेगा और यह जिंदगी प्रेमहीन रह जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1872 लॉर्ड मायो को मौत के घाट उतारने वाले शेर अली को फांसी पर लटकाया गया। 1930 गांधी जी ने नमक सत्याग्रह के लिए अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से अपनी दांडी यात्रा शुरू की। उन्होंने इसके साथ ही सविनय अवज्ञा आंदोलन भी शुरू किया और लोगों से ब्रिटिश हुकूमत को कर अदा न करने को कहा। 1938 जर्मनी ने ऑस्ट्रिया पर हमला किया। 1942 दूसरे विश्व युद्ध के समय ब्रिटिश सैनिकों ने अंडमान द्वीप खाली किया। 1954 भारत सरकार ने साहित्य अकादमी की स्थापना की। 1960 भारतीय मनीषी, लेखक और संस्कृत विद्वान क्षितिमोहन सेन का निधन। 1967 इंदिरा गांधी दूसरी बार देश की प्रधानमंत्री बनीं। 1992 मारिशस गणराज्य घोषित। 1993 मुंबई में कई बम धमाकें हुए और उनमें 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए। 1998 प्रथम टर्बोनेट इंजन निर्माता हेन्स जोशिम पाबस्ट वान ओहेन का निधन। 2003 सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या। 2004 दक्षिण कोरियाई संसद में महाभियोग पारित होने के बाद राष्ट्रपति रोह मू हुन पद से निलम्बित।

महाविनाशक अर्थव्यवस्था का दौर

प्रेम शर्मा

ट्रंप का खास तरीका है कि वे पहले से बने-बनाए ढांचों को तोड़ देते हैं, यह देखने से पहले कि टुकड़े कहां गिरेंगे और जीत का ऐलान करने का कोई तरीका ढूंढते हैं। मिडिल ईस्ट में यह तरीका लागू होने पर यह रणनीति बहुत ज्यादा रिस्की हो सकता है और साथियों के लिए इस युद्ध के अंजाम का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इज़राइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं।

अति महात्वकांक्षा एवं सुपर पावर शाक्ति प्राप्त करने के लिए अमरीका ऐसा पहली बार नही कर रहा बल्कि सौ साल पहले भी अमरीका ने हजारों कराड़ों रूपये की होली खेली है। यह युद्ध केवल ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के लिए घातक नही है बल्कि इसका प्रभाव अब वैश्विक स्तर पर दिखाई देने लगा है। लाखों जीवन तबाह होने के साथ जिस तरह से आर्थिक रूप से यह युद्ध तबाही की ओर बढ़ रहा है इसके परिणाम विश्व के अन्य देशों के साथ स्वंय अमरीका और इजराइल को भी भोगनें होगें। युद्ध के दो सप्ताह के अन्दर ही महंगाई की शुरूआत होना इस बॉत का संकेत है कि जितने अधिक दिनों तक यह युद्ध चलेगा इसका असर ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के साथ दुनिया भर में बढ़ता जाएगा। हम केवल आर्थिक दृष्टि से नजर डाले तो ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष में अमेरिका हर दिन करीब 891 मिलियन से 1.43 बिलियन डॉलर तक खर्च कर रहा है। यानी भारतीय मुद्रा में यह रोजाना लगभग 7,000 करोड़ से 12,000 करोड़ रुपये के बराबर है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष लंबा चला तो इसकी लागत सैकड़ों अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इसका सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था जुड चुका है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था। इसके बाद से ईरान ने जवाबी हमले शुरू किए थे। इस तरह से मंगलवार इस युद्ध का 11 वां दिन था। अब ईरान उन देशों को भी निशाना बना रहा है, जिनमें अमेरिकी सेना के अड्डे हैं। इस वजह से यह युद्ध कई देशों में फैल गया है। इस युद्ध की वजह से तेल-गैस के बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। इस युद्ध में ईरान, इजरायल और अमेरिका के अलावा साइप्रस, लेबनान, ईराक, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमिरात, सीरिया, कतर, ओमान भी शामिल हैं। यानि अप्रत्यक्ष रूप से इसका असर विश्व के अंतिम छोर तक के देशों में दिखाई पड़ेगा। यानि कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाला। 2020 के दौरान, विश्व का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.4 प्रतिशत गिरा था। अब इस युद्ध ने विश्व को महाविनाशक अर्थव्यवस्था की ओर धकेल दिया है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका की भूमिका व्यापक है। अमेरिका ने ना सिर्फ इजरायल के साथ इस जंग में हिस्सा लिया है बल्कि उसकी सहायता ने जमीन पर समीकरण बदले हैं। अमेरिका ने ही इस युद्ध की दिशा को बदल दिया है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी सुपरपावर है, उसके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं। यही वजह है कि पिछले कई दशकों में जब दुनिया ने भीषण युद्ध देखे, अमेरिका ने उनमें अपनी अहम भूमिका अदा करते हुए अरबों-खरबों डॉलर खर्च किए। पहले विश्व युद्ध में अमेरिका का खुल खर्च 32 अरब डॉलर रहा था। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर खर्च किए थे। इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर जो हमला किया है, उसकी आर्थिक कीमत बहुत बड़ी मानी जा रही है। उधर अमरीका में ही यह चर्चा शुरू हो चुकी है कि अमेरिकी सेना कुशल है, लेकिन युद्ध का अंतिम लक्ष्य अस्पष्ट है। यह सैनिकों के लिए खतरा है और प्रशासन की रणनीति लगातार बदल रही है। ट्रंप की सैन्य नीतियाँ तो और भी शानदार हैं। अमेरिकी सेना को फिर से महान बनाने के लिए अरबों डॉलर खर्च किए। ड्रोन हमले बढ़ाए। सीरिया में बम गिराए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति का रातोंरात अपहरण कर लिया। युद्धजीवी पाकिस्तान को गोदी में बिठा लिया। ईरान को तबाह कर दिया। क्या यह शांति है ? इस युद्ध ने वेस्ट और मिडिल ईस्ट के देशों के लिए नई जियोपॉलिटिक्स की परिभाषा लिख दी है। वो ट्रंप के साथ भी नहीं रह सकते और उनके बिना भी नहीं रह सकते। युद्ध का अंत अमेरिकी सहयोगियों के लिए भी एक बारूदी सुरंग जैसा होगा। वहीं, खाड़ी में अमेरिका के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा, लेकिन ईरान के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ेगा। ईरान युद्ध के नतीजे गंभीर और लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे दुनिया को बदलने की ओर इशारा कर रहे हैं। ट्रंप का खास तरीका है कि वे पहले से बने-बनाए ढांचों को तोड़ देते हैं, यह देखने से पहले कि टुकड़े कहां गिरेंगे और जीत का ऐलान करने का कोई तरीका ढूंढते हैं। मिडिल ईस्ट में यह तरीका लागू होने पर यह रणनीति बहुत ज्यादा रिस्की हो सकता है और साथियों के लिए इस युद्ध के अंजाम का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इज़राइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं।

दूध में मिलावट: आर्थिक अपराध नहीं, नैतिक पतन की पराकाष्ठा

डॉ. नीलम महेंद्र

भारत आज गर्व से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश होने का दावा करता है। वैश्विक दूध उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी लगभग 25त्न है। आंकड़ों की बाजीगरी में हम नंबर वन हैं, लेकिन क्या कभी हमने उस दूध के गिलास की गहराई में झांक कर देखा है जिसे हम 'अमृत' समझकर अपने बच्चों को पिलाते हैं? हालिया रिपोर्ट्स और समाचार पत्रों के दावे चौंकाने वाले ही नहीं, रूह कंपा देने वाले हैं। क्योंकि दुर्भाग्य से आज देश भर में जांचे गए दूध के हर तीन में से एक नमूना जांच में फेल हो रहा है। यह महज एक सांख्यिकीय डेटा नहीं है, बल्कि हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का अलार्म है।

एफएसएसएआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2018 के बीच दूध में मिलावट का ग्राफ16.64त्न था, जो 2022 तक बढ़कर 38% तक पहुंच गया। यानी लगभग हर तीसरा गिलास मिलावटी है। उत्तर भारतीय राज्यों में यह समस्या अधिक विकराल है। दूध के नमूनों में 'नॉन-कन्फर्मिंग' (अमानक) होने की दर उत्तर भारत में करीब 47त्न तक पाई गई है। लेकिन समस्या इतनी भर नहीं है कि दूध में मिलावट के आंकड़े खतरनाक स्तर पर पहुंच गए हैं, चुनौती यह है कि देश की सेहत से जुड़े इस गंभीर मामले को लेकर हमारा तंत्र कितना लापरवाह है। मध्यप्रदेश के ग्वालियर की एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 सालों में डेयरी उत्पादों में मिलावट के 490 केस दर्ज हुए, 3.66 करोड़ का जुर्माना लगाया गया, लेकिन वसूली शून्य के बराबर रही। जब कानून का क्रियान्वन ही नहीं हो पाता, तो मिलावटखोरों के हौसले बुलंद होना लाजिमी है।

क्या हमने कभी सोचा है कि उस एक गिलास मिलावट वाले दूध में वास्तव में क्या है?

हम अक्सर सोचते हैं कि मिलावट का मतलब सिर्फ दूध में पानी मिलाना है। काश ऐसा ही होता! पानी से केवल पोषण कम होता है, लेकिन आज जो मिलाया जा रहा है वह सीधे मौत का सामान है!

मुनाफाखोरों के लालच की इंतहा यह है कि दूध में झाग बनाने और फैट दिखाने के लिए वाशिंग पाउडर और यूरिया का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि यूरिया हमारे गुर्दों (किडनी) पर सीधा प्रहार करता है।

इसके अलावा दूध को सफेद और गाढ़ा दिखाने के लिए घटिया दर्जे का तेल और कास्टिक सोडा मिलाया जाता है, जो पाचन तंत्र को पूरी तरह ध्वस्त कर सकता है।

दूध को लंबे समय तक फटने से बचाने के लिए हानिकारक रसायनों का प्रयोग होता है, जो भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

लेकिन लाभ की अंधी दौड़ मासूमों के स्वास्थ्य को कितनी हानि पहुंचा रही है, इस बात की संवेदनशीलता को हम समय रहते समझ जाएं यह आवश्यक है। नहीं तो जो भारत आज इस बात पर इतरा रहा है कि वो विश्व का सबसे युवा देश है उसे बच्चों और युवाओं के सबसे खराब स्वास्थ्य वाला देश बनने में देर नहीं लगेगी।

एक मां जब अपने बच्चे को दूध पिलाती है, तो इस विश्वास के साथ कि वह उसे स्वस्थ पोषण दे रही है। लेकिन क्या उस मुनाफेखोर को जरा भी आत्मग्लानि होती है जो चंद रुपयों के लिए वो एक मां की ममता से विश्वासघात कर रहा है? यह केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है, यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। दरअसल भारत में दुग्ध उत्पादन निरंतर बढ़ा है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की शक्ति है। परंतु उत्पादन की गति यदि गुणवत्ता की निगरानी से तेज हो जाए, तो संतुलन बिगड़ता है। मांग बढ़ती है, प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, और वहीं से अनैतिक शॉर्टकट का जन्म होता है। यदि निरीक्षण तंत्र अनियमित हो, यदि दंड विलंबित हो, यदि दोषियों को वास्तविक भय न हो–तो मिलावट एक "कम जोखिम, अधिक लाभ" का व्यापार बन जाती है।

समय-समय पर छापेमारी में मिलावटी घी, खोया और दूध की बड़ी मात्रा जब्त होती है। समाचार प्रकाशित होते हैं। पर क्या हमने यह देखा कि कितने मामलों में त्वरित और कठोर दंड हुआ? कितने लाइसेंस स्थायी रूप से निरस्त हुए? कितनी परीक्षण रिपोर्टें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई गईं ताकि नागरिक स्वयं गुणवत्ता जान सकें?

पारदर्शिता के बिना विश्वास संभव नहीं। इस समस्या में समाज भी निष्पक्ष दर्शक नहीं है, हम एक जागरूक नागरिक के नाते अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं चुरा सकते। हम सस्ता विकल्प चुनते हैं, स्रोत नहीं पूछते, लेबल नहीं पढ़ते। हम सुविधा को प्राथमिकता देते हैं और गुणवत्ता को अनुमान पर छोड़ देते हैं। जब उपभोक्ता प्रश्न पूछना बंद कर देता है, तब बाजार उत्तरदायित्व छोड़ देता है।

परिणाम स्वरूप आज मुनाफे की यह अंधी दौड़ हमें वहां ले जा रही है जहां हम ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो जवानी आने से पहले ही बीमारियों के बोझ तले दबी जा रही है।

आज 'श्वेत क्रांति' 'श्वेत संकट' बन चुका है।

स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए सरकारी स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि नियमों का कठोरता से पालन हो। नियमित वैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य हों और उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए। दोषियों के विरुद्ध त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और कठोर आर्थिक दंड सुनिश्चित हों, ताकि मिलावट आर्थिक रूप से अलाभकारी बने। उपभोक्ता के स्तर पर भी जागरूकता उपलब्ध करने को प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए परीक्षण किट, सूचना और शिकायत तंत्र तक उसकी सहज पहुँच हो जो आज के डिजिटल इंडिया में कोई कठिन लक्ष्य नहीं है।

अगर हम इक्कीसवीं सदी के युवा एवं स्वास्थ्य भारत के स्वप्न को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी ही होगी और मिलावट के विरुद्ध कठोर कदम उठाने होंगे।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्वयं इतना कभी अभिमान न हो। आँसू का कोई भी अपमान न हो।। मैं नहीं रहा कभी श्राप बन कर। तुम भी वैसे, कोई वरदान न हो।। किस काम के वो रिश्ते जहाँ पर। एक दूजे के वास्ते सम्मान न हो।। सोच लेना गुनाह करने से पहले। जगह बता, जहाँ भगवान न हो।। सच तो केवल वही सच होता है। कमल जैसे सच ही भगवान हो।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो

- कमलकांत डोंगरे

"रिश्ते पहले भी परफेक्ट नहीं थे गलतियाँ तब भी होती थीं। हाँ, यह भी सच है कि कई बार औरतें बहुत कुछ सह जाती थीं और उनके सपने दबा दिए जाते थे। लेकिन एक सच यह भी है कि लोग रिश्तों को छोड़ने से पहले उन्हें सुधारने की कोशिश करते थे। शायद आज जरूरत है संतुलन की न खुद को मिटाना और न ही छोटी बात पर रिश्ता छोड़ देना। आप क्या सोचते हैं?" **- रेनु सिंघल**

आया फागुन खेलों फाग लाल, नीले और हरा रंग आम्र मंजरी पग-पग महके फूले फल गेंदा बेहिसाब भन-भन भन-भन भंवरे डोले आया फागुन खेलो फाग... खेतों की फैली हरियाली चना,सरसों,मसूर गेहूं की फसले कृषकों की तकदीर बदले गोरे-सगौरी गाल गुलाबी मृग लोचन भी हुए शराबी तन-मन रोम-रोम जागी आग आया फागुन, खेलो फाग... **- गौरी पटले**

पुरानी एल्बम के पीले पड़ चुके पन्नों से ये याद अब भी ताजा है वो नदी का किनारा वो पत्थर का सहारा वो गुनगुनी धूप और हम जानते हैं ये वक्त अब ना लोटेगा दिल के हाथों मजबूर हैं ज़िन्दगी ढलानों पर दस्तक दे चुकी है यादों के दरीचों में घूमना आज भी अच्छा लगता है।

- अर्विना गहलोत

बारहा मरने की आदत है मुझे, मुश्क़िलों की सदा चाहत है मुझे। महंगा हर शौक मिटाने के लिए, गाँव जाने की ज़रूरत है मुझे। मैं भी अनजाने सफ़र का राही,जल्दी औ भीड़ से नफ़रत है मुझे। दर्दे-मंझधार उठाना था ग़लत,अब किनारों से मुहब्बत है मुझे। ग़म चराग़ों का न देखा जाए, ये हवाओं से शिकायत है मुझे। धन कमाने में फंसा यूँ रहा मैं, ख़ातिरे मुल्क न फ़ुरसत है मुझे। फिर अंधेरों ने बचाया मुझे, अब उजालों से न राहत है मुझे। **- डॉ संजय दानी**

निर्मल नदी हूँ मैं तो, बहती रही हूँ मैं तो, रोक कोई पाया नहीं, तेज इस धार को। तितली सी उड़ती मैं, फूलों सी महकती मैं, गले से लगाती रही, हर एक खार को।। तूफानों की है ये बस्ती, हौसलों की संग कश्ती, रखना सही से प्रभु, मेरी पतवार को। ममता बसी है मन, करुणा है मेरा धन, तरसी कभी जो श्याम, तो वो तेरे प्यार को ।। **- ममता लड़ीवाल**

ख़्वाब बनकर रात आई, तुमने धड़कन थाम ली, गीत तब मैंने सुनाया बस तुम्हारे नाम की। प्रीत के हर इक इशारे में मुकम्मल बात थी, मैंने खुद को सौंप तुझको, ज़िन्दगी तेरे नाम की।

- अनुराधा सिंह

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। हार्डवेयर का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

वृषः आज का दिन आपको कारोबार में लाभ दिलाने वाला है। आज आपको किसी ख़ास रिश्तेदार से मिलने का मौका मिलेगा। सी - टीईटी की तैयारी कर रहे छात्रों को अपनी मेहनत जारी रखने की जरुरत है।

मिथुन :आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको किसी प्रकार का शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर में उत्साह का माहौल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी, आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको बाहर के मसालेदार खाने से परहेज करने की जरुरत है, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। रेस्टोरेंट का कारोबार शुरू करने का विचार बना रहे लोगों को किसी बड़े की सलाह लेनी चाहिए। आज विद्यार्थी वर्ग किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे।

कन्या : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आप चुस्त दुरुस्त बने रहेंगे। साइबर कैफ़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा।

तुला : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बैंक से लोन लेने में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जाएगा। कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे लोगों का आज ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्ट सेल होगा।

वृश्चिक : आज आपका दिन नए व्यापार को शुरू करने के लिए बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस से जरुरी कॉल आ सकती है, आज आपको मीटिंग अटेंड करनी पड़ सकती है।

धनु : आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप वाहन खरीदने का विचार परिवार के साथ कर सकते हैं।

मकर : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको कार्य क्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहने की जरुरत है। लवमेट को आज काफी देर तक फ़ोन पर बात करने का अवसर मिलेगा। आज वकील वर्ग को किसी केस में जीत हासिल होगी।

कुंभ : आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्या से काफी राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ कई दिनों से चल रही गलत फहमियां आज दूर होंगी, जिससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।

मीन : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की वृद्धि होगी। आज किसी पर अधिक भरोसा करने से पहले उसे अच्छे से जान लें। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने का सही समय है।

QUIZ TIME

1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?

2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?

3) दिदी की लाइब्रेरी पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी?

4) भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन कहाँ किया गया था?

5) एशिया का सबसे बड़ा साल वन, सरंडा, भारत के किस राज्य में स्थित है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) बिहार (4) दिल्ली (5) झारखंड

पहेली

शब्द सामर्थ्य -339

बाएं से दाएं
1. राज्य प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. मुग्ध, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. स्वर्ग की नाव, ... 18. नारी, स्त्री, महिला 21. निकल करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे
1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, निपुण 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल

पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद बना आजीविका का साधन, पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं

स्व सहायता समूह से जुड़कर कांसाबेल की महिलाओं ने स्वरोजगार की राह अपनाई

रायपुर/नवप्रदेश। पारंपरिक कौशल, जैसे मिट्टी के बर्तन, कढ़ाई और लकड़ी का काम, स्थानीय सामग्रियों का उपयोग कर पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के माध्यम से न केवल रोजगार प्रदान करता है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ङ्क बिहान योजना के तहत जशपुर जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल गढ़ रही हैं। कांसाबेल विकासखंड के ग्राम सेम्हर कछार की हरियाली स्व-सहायता समूह की 11 महिलाओं ने छिंद कासा से आकर्षक टोकरी और अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत किया है। समूह की सदस्य श्रीमती बालमुनि भगत ने बताया कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिला। पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं, लेकिन अब वे अच्छी कमाई कर रही हैं। यह कार्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी दे रहा है। उन्होंने बताया कि यह न केवल एक व्यवसाय है, बल्कि यह परंपराओं, कौशल और सांस्कृतिक विरासत को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाता है। समूह की दीदियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से हम सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

बताया बिहान योजना ने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया

महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। समूह के माध्यम से प्रशिक्षण, सहयोग और विपणन सुविधा मिलने से उनका उत्पाद अब स्थानीय हाट-बाजार और मेलों में लोकप्रिय हो चुका है। महिलाएं कहती हैं कि अब वे सिर्फघर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि अपनी पहचान खुद बना रही हैं।

न्यूज गैलरी

'आ बैल मुझे मार' की विजेता बनीं रोहिणी और गौरी

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाएं एक स्थान पर जुटें और रोचक गेम न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। मनोरंजक खेल से भरा नजारा सोमवार, 9 मार्च को महाराष्ट्र मंडल की चौबे कालोनी महिला केंद्र की मासिक बैठक के साथ मनाए गए होली मिलन समारोह में देखने को मिला। इस दौरान केंद्र की सदस्यों ने हास- परिहास से परिपूर्ण 'आ बैल मुझे मार' गेम खेला। इसमें बैल शब्द किसी को बोलना नहीं था, बैल शब्द के लिए स्थान पर एक्सप्रेशन देना था। सभी को 30 सेकंड का समय दिया गया। जिसने भी बिना बैल बोले सर्वाधिक बार 'आ बैल मुझे मार' बोला। उसे विजेता घोषित किया गया। केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि मासिक बैठक के साथ अंतरराष्?ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन भी मनाया गया। सभी सदस्यों को होली पर टाइटल दिए गए। फिर उपहार के रूप में चॉकलेट्स और गिफ्ट भी बांटे गए। होली के गीतों पर सभी ने जमकर मस्ती की। 'आ बैल मुझे मार' प्रतियोगिता में रोहिणी नेने और गौरी मोकासदार संयुक्त विजेता रहीं। वहीं अंजलि वैद्य रनरअप बनीं। वरिष्ठ सदस्य अपर्णा कालेले ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में चैत्र गौरी हल्दी-कुंकू और मठा वितरण कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इसे लेकर सदस्यों के बीच कार्यों का विभाजन कर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई, ताकि कार्यक्रम में अधिकाधिक महिलाओं को जुटाकर उसे सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर मनीषा वरवंडकर, सुनीता कुलकर्णी, गौरी क्षीरसागर, अवंती अग्निहोत्री, सेजल शाह, मनीषा बिस्सा, रंजना चोपकर, सीमा गनोदवाले, सुनंदा बेंद्रे, मनीषा मुकादम, पल्लवी मुकादम, अनुपमा बोधनकर, संगीता निमोणकर, प्राची डोनगांवकर, स्वाति डबली सहित अनेक सभासद उपस्थित रहीं।

कलेक्टर ने ली एलपीजी डीलर्स की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जिले के सभी ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों और डीलर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में ऐसी व्यवस्था करें कि एलपीजी गैस की आपूर्ती में दिक्कत न हो, आम उपभोक्ताओं को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। बुकिंग होने के पश्चात् समय पर गैस सिलेण्डर की अनिवार्य रूप से आपूर्ति करें। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की शिकायत पायी जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 (एस्मा) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा कि एलपीजी गैस का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है, उन्होंने आग्रह किया कि आम उपभोक्ता पैनिक न हों। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर कलेक्टर कॉल सेंटर के नम्बर 9977222564, 9977222574, 9977222584 एवं 9977222594 पर सम्पर्क करें। बैठक में ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि वर्तमान व्यवस्था के तहत गैस सिलेण्डर की दूसरी बुकिंग डिलिवरी के 25 दिन बाद ही होगी, सभी उपभोक्ता डिलिवरी के समय डिलिवरी ऑथेंटिक कोड बताएं, बुकिंग के लिए आईवीआरएस, व्हाट्सएप, कॉल एवं मैसेज का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलेण्डर दिया जाएगा जिनकी ई-केवायसी हुई है। बैठक में खाद्य नियंत्रक श्री भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि सभी डीलर प्रति सप्ताह गैस कंपनी से प्राप्त घरेलू और व्यावसायिक सिलेण्डर के आवक-जावक और बचत की जानकारी खाद्य विभाग को देंगे।

दिव्यांगता भी नहीं रोक सकी सायरा बनो का हौसला

रायपुर/नवप्रदेश। धमतरी जिले की सायरा बानो ने यह साबित कर दिया है कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का जज़्बा हो, तो कोई भी कठिन परिस्थिति सफलता की राह नहीं रोक सकती। शारीरिक दिव्यांगता और अत्यंत कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद सायरा बानो आजआत्मनिर्भरता की प्रेरक

मिसाल बनकर सामने आई हैं। कुछ समय पहले तक सायरा बानो का जीवन आर्थिक तंगी में गुजर रहा था। रोजगार के अभाव में उनके लिए रोज़मर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी बड़ी चुनौती बन गया था। लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया और रोजगार के लिए जिला प्रशासन से सहायता की मांग की। सायरा बानो की परिस्थितियों और उनके मजबूत इरादों को देखते हुए प्रशासन ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया। उनके मार्गदर्शन में सायरा बानो को बड़ौदा आरसेटी, धमतरी में ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पूरी लगन और मेहनत के साथ ई-रिक्शा चलाने की तकनीक सीखी। साथ ही उन्हें स्व-रोजगार से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी गई तथा पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद समाज कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत सायरा बानो को ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया।

बड़े राज्यों को पछाड़कर बना नंबर-वन, सीएम साय और मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दी बधाई

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ पूरे देश में अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी 2026 की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है।

राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। जारी रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस प्रथम स्थान को बनाए रखेगा तथा प्रदेश की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाएगा। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 1,86,586 गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है।

प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु परिचारक ने लिया अंगदान का संकल्प

कलेक्टर ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पशु परिचारक श्रीमती हेमा ठाकुर ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंग दान के लिए पंजीयन कर जनजागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। श्रीमती ठाकुर ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि ÷मेरे जाने के बाद यदि मेरे अंगों से किसी को स्वस्थ जीवन मिल सके, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती।÷ उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 90 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है।

महतारी वंदन की राशि से गीता मरावी ने खरीदी सिलाई मशीन, बनी आत्मनिर्भर

■ सिलाई कर प्रतिमाह कमा रही 3 हजार रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने व्यवसायों को सशक्त बना सकें और अपने परिवारों के लिए समृद्धि ला सकें। इस योजना की राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कर रही हैं, जिससे वे समाज में सशक्त हो रही हैं और आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। इसी कड़ी में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम खुड़िया की गीता मरावी ने महतारी वंदन योजना के तहत शासन से प्रतिमाह मिलने वाली 01 हजार रूपए की सहायता राशि से मिलाई मशीन खरीदा और उससे कपड़ों की सिलाई कर प्रतिमाह 03 हजार रूपए कमा रही हैं। गीता मरावी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप उन्हें हर महीने 01 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त होती है। इस राशि को उन्होंने केवल खर्च करने के बजाय एक नई शुरुआत का माध्यम बनाया। कुछ महीनों की सहायता राशि को जोड़कर उन्होंने एक सिलाई मशीन खरीदी। सिलाई मशीन

मिलने के बाद गीता ने अपने घर पर ही सिलाई का कार्य शुरू किया। धीरे-धीरे आसपास के लोगों से कपड़ों की सिलाई का काम मिलने लगा। अब वे नियमित रूप से सिलाई कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। उन्होंने बताया कि सिलाई के काम से होने वाली आय से वे अपने बच्चों की पढ़ाई और घर के अन्य खर्चों में सहयोग कर पा रही हैं। इससे उन्हें न केवल आर्थिक मजबूती मिली है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

पुस्तकालय योजना में बढ़ती जा रही जनभागीदारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनती जा रही है। इस पहल के माध्यम से लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान कर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में आज रायपुर के सत्ती बाजार स्थित अग्रवाल ट्रेडर्स एंड पब्लिशर्स के संचालक संतोष अग्रवाल ने इंजीनियरिंग, कंप्यूटर सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित लगभग 2000 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान कीं।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र

देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। अग्रवाल ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने की भावना से उन्होंने पुस्तक दान का निर्णय लिया। उन्हें खुशी है कि इन पुस्तकों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत अब तक 10 हजार एक सौ से अधिक पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान किए जा चुके हैं। इन संसाधनों का लाभ लेकर अनेक विद्यार्थी अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को नई दिशा दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस पुनीत पहल से जुड़कर ज्ञान के दान में भागीदार बनें और युवाओं के सपनों को साकार करने में सहयोग दें। पुस्तक अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करने के इच्छुक नागरिक श्री प्रभात सक्सेना (94060 49000) एवं श्री केदार पटेल (94255 02970) से संपर्क कर सकते हैं।

कोल लेवी घोटाला मामला में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने रायपुर की विशेष अदालत में पेश की चौथी चार्जशीट

■ 12 पेज का चालान, शेल कंपनियों में घुमायी गई बड़ी रकम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोल लेवी घोटाले में जांच ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। एसीबी-ईओडब्ल्यू ने मंगलवार को रायपुर की विशेष अदालत में इस मामले का चौथा पूरक चालान पेश कर दिया। यह चालान आरोपी राकेश जैन के खिलाफ करीब 1200 पेज का है, जिसमें कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। राकेश जैन पर आरोप है कि उसने कई शेल कंपनियों के जरिए करीब 40 करोड़ रुपये की रकम को बैंकिंग चैनलों में घुमाया। फर्जी बिलिंग, अलग-अलग फर्मों के नाम पर भुगतान और कई खातों में पैसे ट्रांसफर कर असली स्रोत छिपाने की कोशिश की गई। जांच एजेंसियों का दावा है कि बाद में यह रकम धीरे-धीरे नकद में निकालकर कथित मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी तक पहुंचाई जाती थी। इस पूरे खेल में कई फर्मों के नाम भी सामने आए हैं, जिनके खातों का इस्तेमाल रकम घुमाने के लिए किया गया।

राकेश जैन इस पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी

जांच में सामने आया है कि अवैध कोल लेवी का पूरा खेल बेहद सुनियोजित तरीके से चल रहा था। ज्यादातर रकम नकद में वसूली जाती थी। लेकिन जिन लोगों के पास तुरंत कैश नहीं होता था, उनके लिए भी अलग इंतजाम था। आरोप है कि शेल कंपनियों और फर्जी फर्मों के जरिए पैसे को बैंक खातों में घुमाकर उसे वैध दिखाने की कोशिश की जाती थी। एसीबी-ईओडब्ल्यू की जांच के मुताबिक राकेश जैन इस पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी था।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से डीईएएफपीपी एवं निष्क्रिय खातों,लंबित राजस्व प्रकरणों, कॉल सेंटर से प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने नए वित्तीय वर्ष के लिए विभागवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करें, इसके साथ ही कॉल सेंटर एवं अन्य लंबित शिकायतों का भी समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे DEAF एवं Inoperative बैंक खातों के निराकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें।

हिंदू नववर्ष: धर्मगुरु ही राजा, यह 'रौद्र' संवत्सर, सालभर दिखाएगा प्रभाव

19 मार्च से नवरात्रि: इसी दिन प्रारंभ होगा नव संवत्सर विक्रम संवत 2083

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च से होगी। इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ योग संयोग बनने वाला है। पंचांग की गणना के अनुसार, नव वर्ष की शुरुआत में गुरु का गोचर मिथुन राशि में रहेगा, जबकि साल के मध्य में गुरु का गोचर कर्क राशि से होगा और साल के अंत में सिंह राशि में संचार करेंगे। साथ ही राहु और केतु भी इस संवत के अंतिम भाग में राशि परिवर्तन करेंगे, जबकि शनि इस संवत् में मीन राशि में संचार करेंगे। हिंदू नव वर्ष के राजा गुरु होंगे। नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होगी। समापन 27 मार्च को होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसीलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है।

प्रतिपदा पर बनेंगे विशेष योग

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी 19 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्ल योग और ब्रह्म योग का भी संयोग रहेगा। शुक्ल योग प्रातः काल से रात 1:17 बजे तक रहेगा, इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ होगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन राहुकाल दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। इस समय शुभ कार्य करने से बचना चाहिए।

गोफनी नाला में स्टॉपडेम निर्माण कार्य के लिए 3.80 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बस्तर जिले के विकासखण्ड-बस्तर के गोफनी नाला में स्टॉपडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 80 लाख 59 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्य के पूर्ण होने के उपरांत जल संवर्धन, निस्तारी, पेयजल एवं कृषकों के द्वारा स्वयं के साधन से 80 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। योजना के कार्य को कराने मुख्य अभियंता गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग जगदलपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

दशकों से अलग-थलग और अछूते अबूझमाड़ के बोटेर में खुला पुलिस कैंप

नारायणपुर//नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने हेतु क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी ''माड़ बचाओ'' अभियान संचालित किया जा रहा है। साथ ही अबूझमाड़ में लगातार नवीन कैम्प स्थापित करते हुए सड़क पुल-पुलिया निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को अंदरूनी गांव तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना ओरछा के ग्राम बोटेर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कांदुलनार - ओरछा-एडजुम-इडवाया-आदेर-कुडमेल-बोटेर-दिवालूर-कुमनार एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यो में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से दिनांक 09-03-2026 को नारायणपुर पुलिस ने घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम बोटेर में नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। ग्राम बोटेर में नवीन कैम्प स्थापित

होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। नवीन कैम्प बोटेर थाना ओरछा क्षेत्रान्तर्गत स्थित है तथा जिला मुख्यालय नारायणपुर से 90 किलोमीटर थाना ओरछा से 30 किलोमीटर, आदेर से 15 किलोमीटर और कैम्प कुडमेल से 06 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

बोटेर में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के क्षेत्र वेरकोटी, नीचेवारा, कुरकसा, गुंडेकोट और बोटेर में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। अब क्षेत्र में सुरक्षा के निगरानी में सड़क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाये जाने में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

दशकों से अलग थलग और अछूते अबूझमाड़ के इस क्षेत्र को मिलेगा मुख्य धारा का संपर्क। कुमनार से सोनपुर के मार्ग भैरमगढ़ (जिला बीजापुर) से सीधे सड़क कनेक्टिविटी होगी जिससे आम नागरिकों को सड़क सुविधा के माध्यम से अलग-अलग सुविधाओं के साथ आवागमन की सुलभता प्राप्त होगी।?? नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में नक्सलियों के अघोषित राजधानी कुतुल सहित कोडलियार, बेड़माकोटी, पदमकोट, कंडुलपार, नेलांगुर, पांगूड़, रायनार, एडजूम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर, बालेबेड़ा, कोडेनार, कोडनार, आदिनपार और मन्दोड़ा में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप स्थापित किया गया है।

न्यूज गैलरी

कोण्डागांव में 13 मार्च को लगेगा एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कोण्डागांव एवं अन्य जिलों के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा 13 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प कलेक्टर परिसर, जिला पंचायत के सामने स्थित आशा सिलाई सेंटर के बाजू, कोण्डागांव में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 396 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें स्काई ऑटोमोबाइल कोण्डागांव द्वारा रिलेशनशीप मैनेजर 6 पद एवं रिसेप्शनिष्ट के 2 पद, सेल्फ इंटिलिजेण्ट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई में सिक्यूरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्यूरिटी सुपर वाइजर के 50 पद, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर और अकॉउंटेट के 02-02 पद, लेबर के 200 पद, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. के फील्ड ऑफिसर के 30 पद शामिल है। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने के इच्छुक युवक-युवतियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो सहित सभी मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं से अपील की गई है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाकर निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

श्रीवास सेन समाज की वार्षिक महासम्मेलन सम्पन्न

कांकेर /धनेलीकन्हार / नवप्रदेश। - श्रीवास सेन समाज परिक्षैत्र कांकेर की वार्षिक महासम्मेलन ग्राम मरकाटोला फत्तेचंद के यादव भवन में 9 मार्च की संध्या 6 बजे संत श्री नंदाजी सेन महराज व बजरंग बली के छायाचित्र की पुजा अर्चना व आरती के साथ शुरू हुई। समाजिक पदाधिकारियों के स्वागत के पाश्चात्य अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक ने बैठक की ऐजेन्डा प्रस्तुत करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा की वर्तमान परिस्थिति में कई लोग समाज को कमजोर कर तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं व इसी के चलते जिला सर्व सेन समाज कांकेर ग्रामीण के गठन की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले समय में शसक्त व संगठित समाज देखने को मिलेगा।सम्मेलन में जिला श्रीवास सेन समाज के अध्यक्ष कैलाश सेन ने कहा की समाज की मजबूती के लिए हम सभी में सहयोग व सेवा की भावना होनी चाहिएं। समाज की बेटीयों को अपनी माता पिता के मृत्यु पश्चात कंधा देने का अधिकार पुर्व के सम्मेलन में लिया गया है जिसकी जानकारी दी। उन्होंने मानव समाज के तिनों संस्कार जन्म मृत्यु व शादी संस्कार समय पर करने जोर दिया। नामकरण संस्कार छह दिन में करने व विशेष परिस्थिति में एक माह के अंदर करने की बात कही साथ ही साथ शादी गधौली बेला में करने, सगाई व शादी में बरातियों की संख्या पर ध्यान देने की बात कही।

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के उपलक्ष्य में रैली आयोजित

कांकेर / नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 08 से 14 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर से नगर के मुख्य मार्गों में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के उपलक्ष्य में रैली आयोजित की गई तथा नागरिकों को इसके लक्षण और परीक्षण के संबंध में जागरूक किया गया।

महिला से छेड़छाड करने वाला आरोपी को थाना उरंदाबेडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ माननीय न्यायालय कोंडागांव मे आरोपी कामेश्वर नाग के पेश बाद माननीय न्यायालय के आदेश से भेजा गया केंद्रीय जेल जगदलपुर...

कोंडागांव/नवप्रदेश। दिनांक घटना 09.03.2026 को महिला प्रार्थीया पीड़िता अपने माँ के गांव से से अपने घर जा रही थी इसी दौरान आरोपी कामेश्वर नाग पिता अधिराम नाग उम्र 23 साल निवासी मांदागॉव थाना बडेड़ोगर जिला कोंडागांव महिला पीड़िता प्रार्थीया को अकेली जानकर उसके साथ गलत काम करने की नियत से शाम के समय पीड़िता के पास पहुंच कर पीड़िता को बेज्जती करने की नियत से आरोपी कामेश्वर नाग द्वारा उसे जमीन पर गिरा गर उसके पीठ मे चढ़ गया एवं पीड़िता के अंग को छूते हुए पीड़िता से छेड़छाड करने लगा पीड़िता द्वारा अपने बीच बचाव मे आरोपी को पीछे धकेलते चिल्लाने लगी तब आस पास के लोग पीड़िता के पास पहुचे आरोपी द्वारा अंधेला का फायदा उठाकर घटना कारीत कर फरार हो गया, महिला पीड़िता प्रार्थीया की रिपोर्ट पर द्वारा थाना फरसगांव मे बिना नम्बरी अपराध 00/2026 धारा 74 क्षहस् महिला विवेचक द्वारा कायम कर प्रार्थीया पीड़िता का कथन एवं मेडिकल मुलाहिजा कराया गया, घटना स्थल थाना उरंदाबेडा क्षेत्रहोने से थाना उरंदाबेडा मे अपराध क्रमांक 03/2026 धारा 74 क्षहस् कायम कर विवेचना मे लेकर आरोपी कामेश्वर नाग की पतासाजी हेतु मुखबिर लगाई गई मुखबिर की सूचना पर आरोपी कामेश्वर नाग को ग्राम गोडमा चौक से हिरासत मे लेकर थाना उरंदाबेडा लाया गया, आरोपी कामेश्वर नाग द्वारा अपराध कबूल किये जाने से आरोपी कामेश्वर नाग को दिनांक 10.03.2026 के 14:00 बजे विधिअनुसार गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके भाई कमलेश नाग को एवं गिरफ्तारी के आधार की सूचना आरोपी कामेश्वर नाग को देकर मुलाहिज़ा करा माननीय न्यायालय कोंडागांव मे मय सुरक्षार्थ बल रिमांड एवं अपराध डायरी के पेश किया गया

शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। मामले में पीड़िता द्वारा दिनांक 09 03.2026 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2019 से पीड़िता का पांडेआठगांव निवासी राजकुमार मरकाम से प्रेम संबंध था । आरोपी राजकुमार मरकाम द्वारा पीड़िता को तुम्हें पसंद करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता



हूं कह कर विगत 4-5 वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा था। वर्ष 2021 में आरोपी राजकुमार मरकाम द्वारा पीड़िता को तुमसे शादी करूंगा कहकर अपने घर ले आया और शारीरिक शोषण करता रहा । शादी की बात कहने पर टाल मटोल करता रहा और अंततः शादी करने से इनकार कर दिया एवं घर से बाहर निकाल दिया कि पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 21 /2026 धारा 69 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । कार्यवाही मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय एसडीओपी फरसगांव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी फरसगांव निरीक्षक चंद्रशेखर वास के हमराह टीम गठित कर चंद घंटे के अंदर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

बस्तर के लेखक राहुल कुमार पांडेय की नई पुस्तक रुकना सीखिए प्रकाशित

■ बस्तर से उठी नई साहित्यिक आवाज: राहुल कुमार पांडेय की पुस्तक 'रुकना सीखिए' चर्चा में

जगदलपुर (बस्तर), छत्तीसगढ़। आज के समय में जब लोग अधिक बोलना चाहते हैं लेकिन सुनने का धैर्य कम होता जा रहा है, छोटी-छोटी बातों पर क्रोध और त्वरित प्रतिक्रिया सामान्य होती जा रही है, ऐसे दौर में बस्तर के युवा लेखक राहुल कुमार पांडेय की नई पुस्तक ÷रुकना सीखिए÷ पाठकों के सामने एक गंभीर और विचारशील दृष्टि प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक आज प्रकाशित हुई है और प्रमुख ऑनलाइन पुस्तक विक्रय मंचों अमेज़न, फ्लिपकार्ट तथा गूगल प्ले पुस्तकें पर उपलब्ध है।यह पुस्तक आधुनिक जीवन की उस मानसिक स्थिति को समझाने का प्रयास करती है जिसमें मनुष्य बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया देने लगता है। पुस्तक का केंद्रीय संदेश यह है कि जीवन के कई बड़े पछतावे केवल कुछ क्षण रुककर और सोचकर टाले जा सकते हैं।लेखक ने पुस्तक में यह विचार प्रस्तुत किया है कि हर विवाद केवल एक घटना नहीं होता, बल्कि वह मनुष्य के स्वभाव और व्यवहार पर गहरी छाप छोड़ जाता है। यदि मनुष्य उन अनुभवों से सीख ले तो वही परिस्थितियाँ उसे अधिक संयमी और समझदार बना सकती हैं।÷रुकना सीखिए÷ धैर्य, मौन और आत्म-नियंत्रण की शक्ति को समझाने वाली पुस्तक है। इसमें बताया गया है कि कई बार प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं होता; बल्कि सही समय पर स्वयं को रोक लेना ही वास्तविक शक्ति का परिचय है।लेखक राहुल कुमार पांडेय ने अपनी भूमिका में उल्लेख किया है कि यह पुस्तक लेखक बनने की महत्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि जीवन के अनुभवों और आत्मचिंतन की प्रक्रिया से जन्मी है। उनका मानना है कि जीवन केवल सही उत्तर खोजने का नाम नहीं, बल्कि सही प्रश्न पूछने की क्षमता विकसित करने का अभ्यास है।

बस्तर के लेखक राहुल कुमार पांडेय की नई पुस्तक 'रुकना सीखिए' प्रकाशित

■ बस्तर से उठी नई साहित्यिक आवाज: राहुल कुमार पांडेय की पुस्तक 'रुकना सीखिए' चर्चा में

जगदलपुर/नवप्रदेश। आज के समय में जब लोग अधिक बोलना चाहते हैं लेकिन सुनने का धैर्य कम होता जा रहा है, छोटी-छोटी बातों पर क्रोध और त्वरित प्रतिक्रिया सामान्य होती जा रही है, ऐसे दौर में बस्तर के युवा लेखक राहुल कुमार पांडेय की नई पुस्तक ÷रुकना सीखिए÷ पाठकों के सामने एक गंभीर और विचारशील दृष्टि प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक आज प्रकाशित हुई है और प्रमुख ऑनलाइन पुस्तक विक्रय मंचों अमेज़न, फ्लिपकार्ट तथा गूगल प्ले पुस्तकें पर उपलब्ध है।यह पुस्तक आधुनिक जीवन की उस मानसिक स्थिति को समझाने का प्रयास करती है जिसमें मनुष्य बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया देने लगता है। पुस्तक का केंद्रीय संदेश यह है कि जीवन के कई बड़े पछतावे केवल कुछ क्षण रुककर और सोचकर टाले जा सकते हैं।लेखक ने पुस्तक में यह विचार प्रस्तुत किया है कि हर विवाद केवल एक घटना नहीं होता, बल्कि वह मनुष्य के स्वभाव और व्यवहार पर गहरी छाप छोड़ जाता है। यदि मनुष्य उन अनुभवों से सीख ले तो वही परिस्थितियाँ उसे अधिक संयमी और समझदार बना सकती हैं।रुकना सीखिए धैर्य, मौन और आत्म-नियंत्रण की शक्ति को समझाने वाली पुस्तक है। इसमें बताया गया है कि कई बार प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं होता; बल्कि सही समय पर स्वयं को रोक लेना ही वास्तविक शक्ति का परिचय है।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकां योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने तथा निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क दुर्घटना पीड़ितों

को तत्काल कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई पीएम राहत योजना के क्रियान्वयन के लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पोर्टल के माध्यम से दुर्घटनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

मासूम के दुष्कर्मियों को फांसी की मांग बढ़ते नशा के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली आक्रोश रैली

सुशासन सरकार में कांकेर बना अपराधगढ़ नशे को रोकने नाकाम - यासिन

कांकेर / नवप्रदेश। भाजपा के शासनकाल में प्रदेश में बढ़ते नशाखोरी और महिला उत्पीड़न के खिलाफ शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यासीन कराणी के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई। बढ़ता नशा और मासूम से दुष्कर्म को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष यासीन कराणी ने बताया कि सुशासन का प्रचार करने

वाले साय सरकार के राज में प्रदेश में कुशासन कायम है। प्रदेश को संवारने का प्रचार करने वाली भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को धर्म और अफीम की नशे में नशाग्रस्त कर रखा है।उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है ।महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण की बात करने वाले भाजपा ने कांकेर के 6 वर्ष के बालिका के साथ हुए दुष्कर्म का निंदा तक नहीं किया है।

श्री यासीन ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सांय सरकार प्रदेश के युवा पीढ़ी को नशीली पदार्थों और धर्म की नशा से नशाग्रस्त बना दिया है। जिनकी राजनीति ही विभाजनकारी हो वे लोगों को कभी भी एकजुट होने नहीं देना चाहेंगे।इसलिए वे लोगों के बीच नशीली पदार्थ और धार्मिक उन्मादना पैदा करना चाहते है।प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है।महिलाओं की सिर्फ पुरुष के उपभोग के वस्तु के रूप में देखा जा रहा।और भाजपा नेता भी महिलाओं को सिर्फ संतान उत्पन्न करने का मशीन समझती है।इसलिए भाजपा नेता समय समय पर हिंदू महिलाओं से अधिक से अधिक संतान पैदा करने आह्वान करते है।भाजपा नेताओं की घटिया मानसिकता और विचार आज समाज में महिलाओं का सम्मान करने के बदले उन पर अत्याचार घटित होते रहता है।

केशकाल मैदान में सैकड़ों किसानों ने बैठक कर- 12 मार्च को विद्युत विभाग का घेराव करेंगे

लो वोल्टेज से परेशान किसानों का फूटा गुस्सा

केशकाल/नवप्रदेश। केशकाल विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर आज रावणभाठा मैदान केशकाल में सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में बैठक कर गुरुवार 12 मार्च को विद्युत विभाग केशकाल का घेराव करने का निर्णय लिया।और अनुविभागीय कार्यालय पहुंच कर किसानों का आक्रोश खुलकर सामने आया। केशकाल, बड़ेराजपुर और धनोरा क्षेत्र के सैकड़ों किसान केशकाल स्थित रावणभाटा मैदान में एकत्रित हुए और बिजली व्यवस्था को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की।

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर बड़ी संख्या में किसान रावणभाटा मैदान में एकत्रित होंगे और लो वोल्टेज तथा अनियमित बिजली आपूर्ति के विरोध में आवाज बुलंद करेंगे । किसानों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण सिंचाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली की कमी के चलते मोटर पंप ठीक से नहीं चल पा रहे हैं, जिससे खेतों में लगी फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने बताया कि इस समस्या के कारण उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में समय पर पानी नहीं पहुंच पाने से फसलों की स्थिति भी खराब हो रही है और किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की स्थिति बन रही है।ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र के किसान लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति से जूझ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि करीब 10 वर्षों से स्थिति में सुधार होने के बजाय और खराब होती जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन इस समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस और प्रभावी पहल नहीं कर रहा है। किसानों ने प्रशासनिक लापरवाही और शासन की उदासीनता को ही इस समस्या का मुख्य कारण बताते हुए कहा कि इसका खामियाजा सीधे तौर पर ग्रामीणों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है।प्रदर्शन के दौरान किसानों ने एक स्वर में शासन-प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगामी दिनों में किसान विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे और उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। किसानों ने मांग की है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए और किसानों को नियमित एवं पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती-किसानी का कार्य प्रभावित न हो।

महतारी वंदन योजना से मिली मदद प्राप्त राशि का उपयोग सिलाई काम में कर रहीं शमीम बानो

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं।

इसी योजना का लाभ लेकर कांकेर नगर के लट्टीपारा निवासी श्रीमती शमीम बानो ने अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। शमीम बानो सिलाई का काम करती हैं और अपने हुनर के दम पर परिवार की मदद करती हैं। उन्होंने बताया कि पहले सीमित साधनों के कारण उनके काम में कई कठिनाइयां आती थीं। कपड़ा, धागा और अन्य जरूरी सामग्री खरीदने में उन्हें परेशानी होती थी, जिससे उनका काम प्रभावित होता था। लेकिन जब से उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलने लगी है, तब से उनके काम में नई गति आ गई है। इस राशि का उपयोग वे सिलाई कार्य से जुड़ी आवश्यक सामग्री खरीदने में करती हैं। अब उनके पास काम करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, जिससे उनकी आय भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

शमीम बानो बताती है कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक सहारा ही नहीं दिया, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। अब वे पहले से अधिक लगन और उत्साह के साथ सिलाई का काम कर रही हैं। उनके बनाए कपड़ों की मांग भी आसपास के लोगों में बढ़ने लगी है।

पण्डो जनजातियों के पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा का मुद्दा गरमाया

■ टीएस सिंहदेव के दिये बयान पर आदीवासीयो ने पुतला दहन कर विरोध जताया

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत मांजा के आश्रित ग्राम राजाकटेल में निवासरत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष संरक्षित पहाड़ी पंडो समुदाय की पुश्तैनी जमीन पर एक विशेष समुदाय द्वारा गैर-कानूनी तरीके से कब्जा किये जाने का मामला सियासी तूल पकड़ता जा रहा है। दरअसल राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले भोले-भाले आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सरगर्मी बढ़ा दिया है। लिहाज़ा पड़ो समाज अपने हक़ के जमीन को बचाने हर संभव प्रयास कर रही है।

पिछले एक महीने से जमीन विवाद राजनीति रंग पकड़ता जा रहा है। दूसरे सूबे बिहार, झारखंड से आए मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों पर आरोप है कि उनके द्वारा विशेष आरक्षित पण्डो जनजाति की जमीन पर अतिक्रमण करते हुए मकान बनाकर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। प्रभावितों का दावा है कि यह कई एकड़ भूमि का मामला है, खासकर पण्डो और मझवार जनजाति के लोग प्रभावित हैं।पण्डो समुदाय ने कई मर्तबा कलेक्टर, एसपी, आईजी और स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन शुरुआत में इसका नतीजा सामने नहीं आया कोई कार्यवाही नहीं हुई। बाद इसके भाजपा जनजाति मोर्चा के हस्तक्षेप से कुछ आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। पुलिस ने धमकी और कब्जे के मामले में

स्त्रद्धक्र दर्ज किये है, तथा प्रशासन ने प्रभावितो के जमीन की जांच के आदेश दिए हैं। कमिश्नर और मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर स्छरूकोर्ट में धारा 170बी के तहत मामला दर्ज कर कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया है। इस बीच, पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने बयान दिया कि ज्यादातर कब्जा गोचर भूमि पर हुआ है, न कि जनजातियों की निजी जमीन पर। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ मामलों में पण्डो जनजातियों का जमीन भी प्रभावित है। सिंहदेव के इस बयान से पण्डो समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया।प्रतिक्रिया में, राजाकटेल के पण्डो समाज ने नवापारा चौक (एनएच 130) पर विरोध प्रदर्शन किया और टीएस सिंहदेव का पुतला फूंका । प्रदर्शन में पण्डो समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सन्मान पंडों, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्र भगत, स्त्र्ञ मोर्चा जिला अध्यक्ष विंदेश्वरी पर, महामंत्री रविकांत उरांव, कमलेश टोप्पो, ग्राम सरपंच खेमराज सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि महंत, महामंत्री विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, हरकेश यादव, महेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में पण्डो समाज के लोग, युवा भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी शामिल हुए। आदिवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है, और वे अपनी पुश्तैनी जमीन वापस पाने तथा दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

13 को खातों में आएगी पीएम किसान की 22वीं किस्त

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के किसानों के लिए अच्छी खबर है। 13 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के गुवाहाटी से देशभर के किसानों के खातों में योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 28,145 पात्र किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 5.63 करोड़ रुपए की राशि सीधे भेजी जाएगी। उप संचालक कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रत्येक किसान को 2,000 रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। इस अवसर पर जिले में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' मनाया जाएगा और ग्राम पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियां आयोजित कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि लाभ पाने के लिए ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और एग्रीस्टैक पोर्टल पर फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि तकनीकी बाधाओं से बचने के लिए वे नजदीकी लोक सेवा केंद्र या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर प्रक्रियाएं पूरी कर लें।

लुण्ड्रा में आंगनबाड़ी सहायिका के 2 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च तक आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना लुण्ड्रा के परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका के 02 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थियों से 24 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट http-sÑ//aww.e-bharti.in/ के माध्यम से भरे जाएंगे। रिक्त पदों में चन्द्रडीपा वार्ड के आंगनबाड़ी केंन्द्र अगासी चन्द्रडीपा में आंगनबाड़ी सहायिका के 01 पद एवं खालपारा वार्ड में आंगनबाड़ी केंन्द्र सिलसिला खालपारा में आंगनबाड़ी सहायिका के 01 पद भर्ती की जानी है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर केवल महिला ही आवेदन कर सकती है। नियुक्ति की शर्तों एवं अहर्ताओं के संबंध में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना लुण्ड्रा कार्यालय, जनपद पंचायत लुण्ड्रा, पंचायत भवन के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

महिला सशक्तिकरण केन्द्र में संविदा पदों पर भर्ती आवेदन 25 मार्च तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा संचालित एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत सरगुजा जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 25 मार्च 2026 को कार्यालयीन समय शाम 05:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में रिक्त 03 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति की जानी है। जिसमें जेण्डर विशेषज्ञ के 01 पद, आई.टी. असिस्टेंट के 01 पद एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के 01 पद पर भर्ती की जाएगी। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट www.surguja.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्टेरेट परिसर अम्बिकापुर के सूचना पटल का भी अवलोकन किया जा सकता है।

निष्क्रिय सहकारी समितियों के परिसमापन की प्रक्रिया शुरू

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में संचालित सहकारी संस्थाओं के संचालन नहीं होने के कारण उनके परिसमापन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी नियम 1962 के उपनियम 57 के तहत परिसमापन की कार्यवाही की जा रही है। कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्था जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 एवं नियम 1962 के प्रावधानों के अंतर्गत जिन सहकारी संस्थाओं द्वारा लंबे समय से संचालन नहीं किया जा रहा है, उनके परिसमापन के लिए परिसमापक नियुक्त किए गए हैं।

रेकी कर चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, आभूषण सहित पैसे बरामद

जांजगीर/नवप्रदेश। सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपियों को सायबर थाना/थाना जांजगीर पुलिस की सक्रियता से चार आरोपियों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। सायबर थाना की टीम द्वारा घटना स्थल से लेकर आसपास लगभग 300 सौ से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज को खगांलने से आरोपियों का अहम सुराग मिला। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सोने-चांदी के आभूषण, नगदी व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद जुमता 09 लाख 54 हजार रूपया बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा जांजगीर क्षेत्र में चोरी की घटना में आरोपियों को पकड़ने के सख्त निर्देशन में अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खपर्डे के नेतृत्व में थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक जेपी गुप्ता एवं

सायबर थाना प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक की सक्रियता से जांजगीर क्षेत्र में सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी राशि तथा चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। मुख्य फरार आरोपी अपने साथियों के साथ जांजगीर क्षेत्र के सूने स्थानों और नहर किनारे स्थित मकानों की तलाश करता था। आरोपी ने अपने के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। इसके लिए आरोपी ने अपने पड़ोसी से इलाज कराने जाने का बहाना बनाकर उसकी सुजुकी एक्सेस स्कूटी क्रमांक सीजी-10-सीसी-1267 को लेकर घटना कारित किया। 26 फरवरी की रात लगभग 8 बजे सभी तीनों आरोपी बिलासपुर से जांजगीर के लिए निकले। जांजगीर पहुंचकर आरोपियों ने नहर किनारे सूने मकानों की तलाश की। इसी दौरान उन्हें एक सुना बंद मकान मिला, तथा आरोपियों ने पास में निर्माणाधीन मकान से लोहे की राड को लेकर दीवार फांदकर रात लगभग 01:30 से 02:00 बजे के बीच मकान के अंदर प्रवेश किया और दरवाजे का ताला व अलमारी तोड़कर, अलमारी में रखें सोने-चांदी के आभूषण तथा नगदी रकम चोरी किये, चोरी के बाद आरोपी जांजगीर के सुनसान मैदान में पहुंचे और नगदी आपस में बांट ली। सोने-चांदी के जेवरों को मुख्य फरार आरोपी द्वारा बाद में बांटने की बात कहकर बैग में रख लिये।

इसके बाद तीनों स्कूटी से वापस बिलासपुर लौट गए। आरोपियों ने चोरी के चांदी के आभूषण को बेचने के लिए अपने परिचित जीतकुमार सूर्यवंशी निवासी सूर्यवंशी मोहल्ला तोरवा (बिलासपुर) की मदद ली। जीतकुमार सूर्यवंशी ने उन्हें अपने परिचित गीता प्रसाद साहू, निवासी ग्राम पकरिया (पामगढ़), वर्तमान निवासी देवरीखुर्द बिलासपुर से मिलवाया। गीता प्रसाद साहू ने चोरी के चांदी के आभूषण को गुड़ी पारा रहौद के सूरज सोनी के पास बेचकर लगभग 80,000 रुपये प्राप्त किए।

भूमि अधिग्रहण में देरी से लटकी चिरमिरी-नागपुर रेल लाइन परियोजना, पीएम से हस्तक्षेप की मांग

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना में हो रही अत्यधिक देरी को लेकर अब नाराजगी बढ़ने लगी है। रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य विजय प्रकाश पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री और रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। विजय प्रकाश पटेल ने बताया कि परियोजना से संबंधित सभी महत्वपूर्ण नोटिफिकेशन 2025 में ही जारी हो चुके हैं और लोक सूचना की अवधि भी 2 फरवरी 2026 को समाप्त हो गई है। लगभग 241.50 करोड़ रुपये का फंड केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पहले ही जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद भूमि अधिग्रहण और टेंडर की प्रक्रिया मनेंद्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय में लंबित है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बजट और स्वीकृतियां प्राप्त हैं, तो प्रभावित भू-स्वामियों को मुआवजा देने में देरी क्यों की जा रही है? उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रक्रिया में तेजी लाते हुए जल्द टेंडर जारी किए जाएं ताकि 2018 से लंबित इस जीवनदायिनी परियोजना का कार्य शुरू हो सके। पत्र की प्रतियां क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्रेषित की गई हैं।

पूनम ने 20 महिलाओं को दिया रोजगार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज उन महिला उद्यमियों की सफलता की कहानियां सामने आ रही हैं, जिन्होंने शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। अम्बिकापुर की पूनम जायसवाल ऐसी ही एक प्रेरणापुंज हैं, जिन्होंने न केवल अपनी पारिवारिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि आज 20 से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर 'नारी सशक्तिकरण' के संकल्प को धरातल पर उतारा है। पूनम जायसवाल ने बताया कि

उनके उद्यमिता के सफर की शुरुआत वर्ष 2000 में एक छोटे से किराये के भवन और सीमित निजी संसाधनों से हुई थी। आर्थिक चुनौतियां बड़ी थीं, लेकिन हौसला कम नहीं हुआ। वर्ष 2013-14 में छत्तीसगढ़ शासन की नीतियों के फलस्वरूप उन्हें 99 वर्ष की लीज पर औद्योगिक भूमि प्राप्त हुई। बैंक से ऋण लेकर उन्होंने अपने कार्य को गति दी और आज उनका यह लघु उद्योग एक सफल इकाई के रूप में स्थापित हो चुका है। पूनम का उद्देश्य केवल स्वयं का विकास नहीं, बल्कि समाज की जरूरतमंद महिलाओं को साथ लेकर चलना रहा है। उन्होंने बताया कि, मेरे उद्योग में आज 20-22 बहनें कार्य कर रही हैं, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर पा रही हैं।' अब उनका लक्ष्य अपने इस उद्यम को 'प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी के रूप में विकसित करना है, ताकि अधिक से अधिक महिला उद्यमियों को जोड़ा जा सके।

खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं ने दिखाया दमखम

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और दिया शर्मा द्वारा दीप मंत्र प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज, दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें जिले भर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग

लिया। प्रतियोगिताओं में कबड्डी और वॉलीबॉल में खड़गवां की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज में मनेंद्रगढ़ के अक्षर, 100 मीटर दौड़ में खड़गवां की कौशल्या, गोला फेंक में पार्वती और लंबी कूद में मनेंद्रगढ़ की माही ने बाजी मारी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, विशिष्ट अतिथि ललिता यादव, जानकी कुसरो और रीमा यादव उपस्थित रहीं। अतिथियों ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही समाज का विकास संभव है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकुमार चौधरी ने किया और अंत में जिला खेल सहायक अधिकारी रणधीर सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

जिले के 71 परीक्षा केन्द्रों में हायर सेकेण्डरी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत 10 मार्च 2026 को सरगुजा जिले के 71 परीक्षा केन्द्रों में अंग्रेजी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा की सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड्राकला, रामपुर, बरगीडीह, प्रभात उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राई रघुनाथपुर तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर वार्ड अम्बिकापुर, पुलिस लाईन तथा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने जिला ग्रंथालय का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला ग्रंथालय का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पाठकों के लिए समुचित व्यवस्था का अवलोकन किया।

उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से भी बात कर प्रेरित किया और कठिन परिश्रम कर सफलता अर्जित करने शुभकामनाएं दी। निरीक्षण के दौरान श्री वसंत ने

अनुपयोगी पुस्तकों एवं पुराने अखबारों को अपलेखित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संविधान के मूल प्रति का अवलोकन किया तथा कहा कि ग्रन्थालय में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों एवं सदस्यों को संविधान की मूल प्रति का अवलोकन करवाएं।

"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग"
धमतरी वनमंडल धमतरी
काष्ठागार नगरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत **नगरी काष्ठागार** में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 16 मार्च 2026
नीलाम समय - दोपहर 2.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज		अविक्रित वनोपज		योग वनोपज	
	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)	ईमारती (घ.मी.)	बल्ली डेंगरी (नग)
सागौन	69.195	1808	99.513	774	168.708	2582
साल	428.030	-	641.299	606	1069.329	606
साजा	150.940	-	85.210	1093	236.150	1093
बीजा	100.762	-	74.358	-	175.120	-
हल्दू/मुण्डी/खम्हार	16.463	-	18.322	-	34.785	-
सलई / मोयन	-	-	0.395	-	0.395	-
धावड़ा	50.881	-	28.437	92	79.318	92
कर्रा/ सेन्हा/अन्य	230.548	-	115.582	1041	346.130	1041
योग:-	**1046.819**	**1808**	**1063.116**	**3606**	**2109.935**	**5414**
सागौन जलाऊ चट्टा	-	Chatta	23	Chatta	23	Chatta
साल जलाऊ चट्टा	277	Chatta	269	Chatta	546	Chatta
मिक्स जलाऊ चट्टा	550	Chatta	279	Chatta	829	Chatta
योग:-	**827**	**Chatta**	**571**	**Chatta**	**1398**	**Chatta**

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

टीप:-(1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई- कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

फोन - 07722-238371
फैक्स - 07722-236137

वनमंडलाधिकारी
धमतरी वनमंडल धमतरी

जी - 252607122/2

आयोजन | **टुण्डरा में श्रीमद् भागवत कथा: हवन, सहस्त्रधारा और भंडारे के साथ होगा समापन**

टुण्डरा में भागवत कथा से गूंज रहा भक्तिमय माहौल, बड़ी संख्या में जुट रहे श्रद्धालु

टुण्डरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत टुण्डरा में इन दिनों धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है। यहां वार्ड क्रमांक 15 में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन धार्मिक कार्यक्रम 8 मार्च से 15 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक श्रद्धालुओं को कथा श्रवण का लाभ मिल रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं और भक्ति भाव से वातावरण सराबोर हो रहा है। इस सात

दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन साहू परिवार द्वारा अपने स्वर्गीय पिता की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक भावना, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को सुदृढ़ करना है।

कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां भजन-कीर्तन और कथा के माध्यम से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कथा वाचन के लिए विख्यात कथा वाचक कान्हा जी महाराज कोमना ओडिशा वाले को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी मधुर वाणी और सरल शैली में श्रीमद् भागवत की दिव्य कथाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दे रहे हैं।

उनके द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्ति, धर्म और मानव जीवन के आदर्शों से जुड़ी प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का आयोजन भी निर्धारित किया गया है। 12 मार्च गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला और गोवर्धन पूजा का आयोजन होगा। 13 मार्च शुक्रवार को रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। 14 मार्च शनिवार को सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की भावपूर्ण कथा सुनाई जाएगी।

वहीं 15 मार्च रविवार को हवन, सहस्त्रधारा एवं भंडारे के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन होगा। कथा के यजमान रमेश कुमार साहू एवं शांति देवी साहू हैं। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में नगर पंचायत टुण्डरा सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यजमान में रमेश कुमार साहू, शांति देवी साहू है।

जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीण-शहरी नागरिक, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों मुंगेली, पथरिया और लोरमी से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक अपनी समस्याएं और मांगों को लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक से उनकी समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी और विभागवार अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम ढबहा के विनोद ने शिकायत करते हुए बताया कि निजी चिल्ड्रन हास्पिटल द्वारा उनके नवजात बच्चे के ईलाज के नाम बड़ी राशि ली गई, लेकिन बच्चा के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। उन्होने बताया कि मात्र 06 दिनों में ईलाज के नाम पर 01 लाख 14 हजार रूपए की राशि ली गई। साथ ही 80 हजार रूपए आयुष्मान कार्ड से लिया गया। इस पर कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए एसडीएम, तहसीलदार, सीएमएचओ और डीपीएम सहित अन्य अधिकारियों की टीम गठित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों से धोखाधड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह ग्राम घोरपुरा के सुरेन्द्र सिंह ने आर.आई व पटवारी द्वारा जमीन का सीमांकन नहीं करने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम मोहभट्ठा के प्रियंका गंधर्व ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, कबीर वार्ड के महेन्द्र भारती ने त्रुटि सुधार कर बी.वन आनलाईन कराने, ग्राम लालपुर थाना के

रामगोपाल जायसवाल ने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, ग्राम अमलडीही के बबलू भास्कर ने श्रम कार्ड में अपनी परिजनों का नाम जोड़ने, नगर पंचायत बरेला के बेनीराम धुरी ने अपनी मृत पुत्र का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने, मजगांवपारा के साहिल पीटर ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम सेमरिया के श्रवण राजपूत ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन दिलाने, ग्राम सुरही के बिमलेश ने आवासीय पट्टा दिलाने, ग्राम गंधीरवाडीह के ग्रामीणों ने नाली व रोड निर्माण कराने, ग्राम सेमरिया के पीयूष सिंह ने अंकसूची के अनुसार आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार कराने, ग्राम भटगाव के भरतलाल साहू ने नवीन आधार कार्ड बनवाने, ग्राम झझपुरीकला के मिल्लूराम साहू ने अपनी मृत पत्नी के बैंक खाता का रूपया नामिनी को दिलाने, ग्राम लालपुर थाना की करीना कुर्रे ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने सहित अन्य आवेदकों से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने देवधर पटेल को सौंपा अनुकंपा नियुक्ति पत्र

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत पंचायत सचिव स्व. शिवशंकर पटेल की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके पुत्र देवधर पटेल को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया और शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार पंचायत सचिव स्व. शिवशंकर पटेल की शासकीय सेवा के दौरान आकस्मिक निधन होने पर उनके पुत्र देवधर पटेल ने अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया गया था। जिस पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा एवं शासन के निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पंचायत सचिव के पद हेतु चयनित किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्थानीय अवकाश घोषित

मुंगेली। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने आदेश जारी कर 14 सितम्बर 2026 सोमवार को गणेश चतुर्थी, 19 अक्टूबर 2026 सोमवार को दशहरा (महाअष्टमी) तथा 10 दिसम्बर 2026 गुरूवार को शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त तिथियों में कोषालय/उपकोषालय खुले रहेंगे।

मुंगेली जिले में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य पूरी तरह सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी तरीके से सम्पन्न हुई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिले के 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 05 लाख 30 हजार 194 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदी केन्द्रों से अब तक 04 लाख 49 हजार 246 क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। 80 हजार 947.79 क्विंटल धान उठाव हेतु केन्द्रों में शेष है। उन्होंने बताया कि खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी है। शीघ्र ही शतप्रतिशत धान का उठाव पूरा कर लिया जाएगा।

स्वर्गीय केदार सिंह की स्मृति में फाग महोत्सव, होली मिलन आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। कन्नौजिया क्षत्रिय समाज द्वारा समाज के पुरोधा स्वर्गीय केदार सिंह परिहार जी की पावन स्मृति में रंग पंचमी के अवसर पर फाग महोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और सभी ने आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ होली के रंगों का आनंद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष आंनद वल्लभ सिंह ने स्वर्गीय केदार सिंह परिहार जी को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में फाग गीतों की मधुर प्रस्तुतियों के साथ पारंपरिक होली का उल्लास देखने को मिला। समाज के वरिष्ठ संरक्षक शंकर सिंह ने आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे को बनाए रखने का संदेश दिया। समारोह में समाज के वरिष्ठजन एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यात्रियों से भरी बस पलटी, दो घायल

मुंगेली/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटना के चलते एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे में बस में सवार करीब आधा दर्जन यात्रियों को चोटें आई हैं। यह दुर्घटना जरहागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत केशरूवा डीह गांव का है।जानकारी के अनुसार जरहागांव थाना के अंतर्गत ग्राम केशरवा डीह में बस के पलट जाने से लगभग 12 यात्रियों को चोटें आई है, खराब सड़क के कारण हो रहे हादसे के बारे मे बताया जा रहा है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण बस चालक वाहन पर कंट्रोल नहीं रख पाया, जिसके चलते बस सड़क किनारे पलट गई।

निधन

केडी दिवान

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सुरीघाट निवासी सेवानिवृत्त ब्रांच मैनेजर केडी दिवान उम्र 90 वर्ष का 9 मार्च सोमवार को निधन हो गया।वे ईश्वर, अजय, भारती नीलू के पिता थे।उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पारिवारिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

ध्वनि प्रदूषण नियम बेअसर शादी-विवाह में देर रात तक बज रहे डीजे

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर सहित ग्रामीण अंचलो में ध्वनि प्रदूषण और कोलाहल नियंत्रण को लेकर प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का असर अब बेअसर होता नजर आ रहा है। कुछ दिन तक नियमों का पालन करने के बाद डीजे संचालक फिर से अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। शादी-विवाह के सीजन में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा बनाए गए साइलेंस जोन में भी तेज आवाज में डीजे और बैंड बाजा धडल्ले से बज रहे है।

प्रशासन ने कुछ समय पहले कोलाहल नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश जारी किए थे। आदेश में निर्धारित समय सीमा के बाद तेज आवाज में डीजे और साउंड सिस्टम बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। साथ ही डीजे संचालकों को ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा में रखने की हिदायत दी गई थी। शुरुआत में कुछ दिनों तक इन आदेशों का पालन होता भी दिखाई दिया, लेकिन अब हालात फिर पहले जैसे हो गए हैं।

शहर के कई इलाकों और ग्रामीण अंचलों में शादी समारोह और बारात के दौरान डीजे संचालक तेज बेस और उच्च ध्वनि स्तर के साथ संगीत बजा रहे हैं। देर रात तक चलने वाले इन डीजे से आसपास रहने वाले लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी हो रही है। वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। प्रशासन के निर्देशों के बाद भी साइलेंस जोन में भी बैंड बाजा बजाए जा रहे है स्कूल में हो रहे परीक्षा के बाद भी तेज आवाज में बैंड बाजा बज रहे है स्कूलों में चल रही परीक्षाओं के बाद भी बैंड बाजा बजता रहा संबंधित को सुचित करने के बाद भी वे कन्नी काटते नजर आए। अधिकरियों का कहना था की मंदिरों में बैंड बाजा बंद कराना मुश्किल काम है स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में सख्ती दिखाने की जरूरत है। यदि समय-समय पर कार्रवाई नहीं की गई तो डीजे संचालकों की मनमानी और बढ़ सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ध्वनि प्रदूषण के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और नियम तोड़ने वाले डीजे संचालकों पर जुर्माना तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की जाए।

फिलहाल देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन एक बार फिर इस मामले में कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है और लोगों को ध्वनि प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। डेसिबल की लिमिट-इंडस्ट्रियल इलाके का दिन में 75, रात में 70, व्यावसायिक इलाके दिन में 65 रात में 55 रिहायशी इलाकों दिन में 55, रात में 45, साइलेंस जोन दिन में 50, रात में 40 सोर्स- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों के त्वरित निराकरण के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में कार्यालयीन व्यवस्था को बेहतर बनाने, समय पालन और कार्यों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं और बायोमेट्रिक अटेंडेंस का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने जिला मुख्यालय में निवास करने तथा नियमित रूप से कार्यालय आने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने ई-ऑफिस के माध्यम से अधिक से अधिक फाइलों का संचालन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे पुरानी फाइलों को ढूंढने में समय नहीं लगेगा और कार्यालय की कार्यप्रणाली भी पेपरलेस बनने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कार्यालय परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी फाइलों का निराकरण समयबद्ध तरीके से किया जाए और किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा से संबंधित प्रश्नों के जवाब प्राथमिकता के आधार पर समय पर और सटीक तरीके से भेजे जाएं। बैठक में आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों के साथ सौम्य एवं संयमित व्यवहार रखने की भी समझाइश दी गई। साथ ही महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गोपनीयता बनाए रखने और अनधिकृत व्यक्तियों को दस्तावेज न दिखाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कर्मचारियों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पानी की बर्बादी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

मनरेगा, पीएम आवास और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति पर सीईओ ने की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित

अधिकारियों से योजनावार प्रगति की जानकारी ली तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने मनरेगा के अंतर्गत अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपूर्ण आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की गतिविधियों को गति देने कहा। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में शासकीय विद्यालयों की कार्यप्रणाली एवं शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने सतत निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने विकासखण्ड मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला की किंगरियापारा तथा शासकीय प्राथमिक शाला झिटकनिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रातः लगभग 10 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला की किंगरियापारा में विद्यालय परिसर तालाबंद पाया गया तथा कोई भी शिक्षक या स्टाफ उपस्थित नहीं मिला। इसी तरह

शासकीय प्राथमिक शाला झिटकनिया के निरीक्षण में शिक्षक एसएस बघेल एवं शिक्षिका श्रीमती एस चंद्राकर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय के निर्धारित समय तक बंद रहने तथा बिना अनुमति अनुपस्थित रहने को गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक दिन का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है।

प्रथम पेज का शेष

13 साल से कोमा में बेटा...

पिता अशोक ने कहा- हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

बस्तर में एक किलो...

के 7 जिलों के एसपी और डीजीपी मौजूद रहे। ये सभी नक्सली दंडकारण्य इलाके में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वालों में 44 महिला नक्सली भी शामिल हैं। बता दें कि सरकार ने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ को 31 मार्च तक नक्सलमुक्त घोषित करने की डेडलाइन तय की है।

कई बड़े नक्सली नेताओं ने भी डाले हथियार

आत्मसमर्पण करने वालों में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के कई बड़े कैडर भी शामिल हैं। इनमें पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम राहुल तेलाम, पंडरु कोवासी और झितरु ओयाम, पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी के डीवीसीएम रामधर उर्फ बीरु, उत्तर बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम मल्लेश, पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के सीपीसी कमांडर मुचाकी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के डीवीसीएम कोसा मंडावी जैसे नाम शामिल हैं।

26 महीनों में 2714 माओवादी ने डाला हथियार

पुलिस अफसरों के मुताबिक 'पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन' अभियान का असर लगातार देखने को मिल रहा है। इस पहल से प्रभावित होकर बीते 26 महीनों में छत्तीसगढ़ में कुल 2714 माओवादी कैडर हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बस्तर संभाग में 1 जनवरी 2024 से लेकर 9 मार्च 2026 तक कुल 2625 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन की राह अपनाई है।

देशभर में एलपीजी की...

हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है।

उत्तर प्रदेश: पुलिस सुरक्षा में बंट रहे सिलेंडर: उत्तर प्रदेश में बुकिंग के 4 से 5 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लाइनें लगने लगी हैं। गोरखपुर-सिद्धार्थनगर में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। एजेंसियों पर तड़के 3 बजे से ही लोग लाइन लगाने पहुंच रहे हैं। घंटों इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। वजह- सिलेंडर कम हैं और लेने वालों की संख्या ज्यादा।

बिहार: लोग सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंच रहे: यहां भी 2 दिन से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग बंद है। इस वजह से होटल,रेस्टॉरेंट पर असर पड़ा है। घरेलू गैस को लेकर भी राज्य के कई जिलों में लोगों की लंबी कतार दिखी। गोपालगंज, खगड़िया, औरंगाबाद, पटना समेत कई जिलों में लोग सुबह से ही गैस एजेंसी पहुंचने लगे। कई एजेंसियों में ताला लटका है। कोई कर्मचारी भी यहां मौजूद नहीं हैं। पूरी खबर पढ़ें

राजस्थान: 1900 रुपए का सिलेंडर 2500 रुपए में बेचा: कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बिल्कुल बंद हो गई है। ऐसे में अलग-अलग एजेंसी तय दाम से ज्यादा में सिलेंडर की कालाबाजारी कर रही है। भास्कर स्टिंग में खुलासा हुआ कि जयपुर में 1911 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर 2500 रुपए तक में बेचा जा रहा है। भास्कर ने जयपुर के एक होटल में आए गैस सप्लायर (इंडेन) का स्टिंग किया।

पंजाब: घरेलू सिलेंडरों की भी बुकिंग बंद लुधियाना और फरीदकोट में सर्वर डाउन होने के कारण घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा फरीदकोट, होशियारपुर और पटियाला समेत कई जिलों में सोमवार से कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद है।

गुजरात: कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए 2500 से 3000 रुपए तक की मांग मशहूर फूड ट्रक 'महेश पौनभाजी' के मैनेजर शिवचरण अग्रवाल के अनुसार कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए फिलहाल 2500 से 3000 रुपए तक की मांग की जा रही है। इस कालाबाजारी के कारण छोटे-मोटे दुकानदार और होटल मालिकों पर आर्थिक संकट आ गया है। घरेलू गैस के लिए भी राज्य के कई जिलों में लोगों की लंबी लाइन लगी हुई हैं।

बिना टेंडर जंबूरी, ऐसी...

लगी, कब-कब लगी और काम शुरू होने से पहले क्या प्रक्रिया पूरी हुई थी। इस पर मंत्री गजेंद्र यादव के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर दिया, जिससे सदन में हंगामा मच गया।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुताबिक पहला टेंडर तकनीकी कारणों से निरस्त हुआ और नियमों में बदलाव के बाद 23 दिसंबर को फिर से जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं हुआ और नियमों में बदलाव नेशनल स्काउट गाइड परिषद की अनुमति से किए गए।

अजय चंद्राकर ने तो पूरे सदन को हाईजैक कर लिया: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्रेजरी बेंच खाली होने पर तंज कसा, जिस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल ने चरणदास महंत का अस्तित्व खत्म कर दिया और नेता प्रतिपक्ष को हाईजैक कर लिया। भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए जवाब दिया कि अजय चंद्राकर ने तो पूरे सदन को हाईजैक कर लिया है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल और प्री-प्राइमरी शिक्षा पर सवाल-जवाब: प्रश्नकाल में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्वामी आत्मानंद स्कूल का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि प्रदेश में कितने अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं, नर्सरी कक्षाओं की स्वीकृति कब दी गई और प्री-प्राइमरी कक्षाएं कितनी चल रही हैं, साथ ही कई जिलों में शिक्षकों को हटाने की शिकायतें भी आई हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जवाब दिया कि अभी किसी जिले में शिक्षकों को नहीं हटाया गया है। 14 जिलों के 54 विद्यालयों में प्री-प्राइमरी स्कूल संचालित हैं और प्रदेश में 11 हजार बालवाड़ी नई शिक्षा नीति के तहत खोले जाएंगे।

दुर्ग के सभी फॉर्म-हाउस...

जेसीबी, हार्वेस्टर, बाइक, 7 बोरी डोडा, कृषि उपकरण और सीसीटीवी कैमरे समेत कई सामान जब्त किए हैं।

पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि उसने समोदा गांव में अफीम की खेती की और करीब 150 ग्राम अफीम दुर्ग से राजस्थान अपने गांव भी ले गया था। इस मामले में पुलिस ने भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई और मनीष ठाकुर को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

दो दिनों की रिमांड पर तीनों आरोपी: इस मामले में पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई और मनीष ठाकुर को मंगलवार को कोर्ट में दोबारा पेश किया गया। पहले रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने दोबारा पूछताछ के लिए रिमांड मांगा। कोर्ट ने तीनों को दो दिन के लिए फिर से पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब उनसे अफीम की खेती से जुड़े दूसरे लोगों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

फूलों की खेती करना...

बताकर अफीम की खेती करने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि, अफीम की खेती करने वाला सरगना गांव में नहीं आता था। अफीम की खेती की देखभाल के लिए झारखंड से लोग बुलाए गए थे। खेती की निगरानी जिरमल राम करता था।

राष्ट्रपति के अपमान पर साय...

अपनी पीड़ा सार्वजनिक करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति देश के लोकतांत्रिक इतिहास में अत्यंत चिंताजनक है और इससे पश्चिम बंगाल जैसे प्रतिष्ठित राज्य की छवि को भी ठेस पहुंची है।

समाज से क्षमा मांगते हुए अपनी भूल स्वीकार करें : मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में संदेशखाली की घटना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भी जनजातीय समाज की महिलाओं के साथ हुई घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा कि वंचित और जनजातीय समाज के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुश्री ममता बनर्जी से आग्रह किया है कि वे इस विषय पर देश और समाज से क्षमा मांगते हुए अपनी भूल स्वीकार करें तथा भविष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए देश को आश्वस्त करें।

छत्तीसगढ़ में तैनात...

लगाई है। दोनों बच्चे दूसरे रूम में आराम कर रहे थे। सुबह सबसे पहले नौकरानी ने देखकर पुलिस को सूचना दी। पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या की आशंका है। पत्नी भी पहले एयरफोर्स में काम करती थी। 2014 में दोनों की लव मैरिज हुई थी। पत्नी अभी आईटी सेक्टर में काम करती है, जिसकी वजह से वह दिल्ली गई हुई है।

चंदन को राजधानी....

का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में वे वित्त विभाग में विशेष सचिव के साथ ही बजट तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के पद पर कार्यरत हैं। वहीं दूसरे आदेश में राज्य शासन ने तीर्थराज अग्रवाल, भा.प्र.से., उप सचिव (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) को धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। अब वे केवल अपने मूल दायित्व यानी योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में उप सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

श्रमिक सम्मेलन : विभिन्न योजनाओं से श्रमिक परिवारों को मिल रही आर्थिक सहायता : गजेंद्र यादव

■ 9556 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 10 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की सहायता

भिलाई/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मेलन का आयोजन आज महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 9 हजार 556 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 10 करोड़ 42 लाख 7 हजार 343 रूपए की राशि अंतरित की गई।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। इनमें मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना और मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।

श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मजदूरों द्वारा विभिन्न प्रकार के काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। ऐसे में यदि किसी श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना हो जाती थी तो उसके परिवार को जीवन भर आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल का गठन किया गया। मंडल के माध्यम से प्रदेश के मजदूर भाई-बहनों का श्रम विभाग में पंजीयन शुरू किया गया और श्रमिक कार्ड बनाए गए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे वे घर बैठे काम कर सकें। राज्य में गरीबों के लिए दो रुपये किलो चावल की योजना भी शुरू की गई थी। पहले यह सुविधा केवल गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले परिवारों को मिलती थी, लेकिन बाद में श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक कार्ड धारकों को भी इसका लाभ मिलने लगा। इस तरह श्रमिकों को राशन कार्ड और श्रम कार्ड के माध्यम से खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने भी मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने भी संक्षिप्त उद्बोधन दिया। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भोजराम सिन्हा, तुलसी साहू, ललेश्वरी साहू, पार्षद मनीष कोठारी, पार्षद गुलराम साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वीटी कौशिक, अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कीर्ति नायक, श्रम अधिकारी विकास सरोडे, श्रम निरीक्षक बसंत वर्मा मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

राज्यसभा प्रत्याशी वर्मा से महापौर बाघमार ने की सौजन्य मुलाकात

दुर्ग। राज्यसभा प्रत्याशी घोषित होने पर लक्ष्मी वर्मा से महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी साथियों के साथ उनके निवास स्थान पहुँचकर सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सरस्वती माता की मूर्ति भेट की। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा के लिए प्रत्याशी घोषित होने से छत्तीसगढ़ को एक मजबूत और प्रभावी नेतृत्व मिलेगा। राज्यसभा जैसे महत्वपूर्ण मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करना पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव, कार्यशैली और जनहित के प्रति समर्पण से निश्चित रूप से प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

प्रशासन ने समोदा में हटाई अवैध कब्जा

दुर्ग। जिले के जनपद पंचायत दुर्ग के अतंर्गत ग्राम समोदा में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई, अवैध कब्जों पर जेसीबी के माध्यम से शासकीय भूमि रिक्त कराई गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु द्वारा राजस्व अमले और पुलिस विभाग के सहयोग से ग्राम समोदा राजस्व निरीक्षक मंडल जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग के अतंर्गत शासकीय घास भूमि खसरा नम्बर 778 रकबा 0.13 हेक्टेयर भूमि पर किये गये अवैध पक्का दुकान निर्माण, टीन शेड लगाकर दुकान निर्माण तथा सीमेंट पोल लगाकर किया गया तार घेरा को हटाने की कार्रवाई की गई। ग्राम के ही श्री ब्रजेश ताम्रकार पिता श्री गिरजाशंकर ताम्रकार द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया था। अतिक्रमण हटाने के दौरान राजस्व निरीक्षक रेखा शुक्ला, पटवारी चन्द्रिका प्रसाद खरें, श्री शत्रुहन मिश्रा, अनिता साहू, संदीप देशमुख और पुलिस विभाग के अधिकारी तथा पंचायत जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद थे।

हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कुछ दिन पहले विवाद के दौरान युवक के गाल और सीने पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद से वह फरार था, जिसे पुलिस ने तलाश कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार भी जब्त किया है। 14 फरवरी को कृष्णा नगर फरीद मोहल्ला के रहने वाले सलमान उद्दीन ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया कि शाम करीब 5:30 बजे वह राजा सोनी के घर के पास एक निर्माणाधीन मकान के पास खड़ा था। इसी दौरान हड्डी गोदाम क्षेत्र का रहने वाला आरिफकुरैशी वहां पहुंच गया। उसने पुरानी बातों को लेकर सलमान से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसी दौरान उसने अपने पास रखे धारदार हथियार से सलमान पर हमला कर दिया।

टक्कर से बुजुर्ग की मौत अन्य 4 घायल

कुम्हारी। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कुम्हारी महाराष्ट्र बैंक के पास सोमवार की रात करीब 8 बजे देवभोग दूध डेयरी से मजदूरी कर ऑटो से गोगांव रायपुर लौट रहे मजदूरों से भरी ऑटो को टमाटर से भरी आईचर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क पर ही पलट गया और उसमें सवार गोगांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग टीकाराम खूंटे का ईलाज के दौरान मौत हो गई वहीं ऑटो में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। कुम्हारी थाने से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो क्रमांक ष्ष्ठत्त 04 ञ्ज 1947 एवं आईचर वाहन क्रमांक ष्ष्ठत्त 04 हृह 3322 दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। दुर्घटना सोमवार की रात लगभग 8 बजे की है दोनों वाहन भिलाई की ओर से रायपुर जा रहे थे आईचर में टमाटर भरा हुआ था वहीं जानकारी में बताया कि हादसे में घायल व्यक्तियों का ईलाज चल रहा है वहीं गोगांव रायपुर निवासी एक व्यक्ति टीकाराम खूंटे का ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

आज शीतला अष्टमी पर विशेष आरती, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण

कुम्हारी। बड़े तालाब स्थित ग्राम देवी मां शीतला मंदिर प्रांगण में आज दिन बुधवार को शीतला अष्टमी के अवसर पर भक्तों द्वारा मां की विशेष पूजा व दिन भर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है यह आयोजन प्रति वर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी के अवसर पर जय माँ शीतला सेवा समिति के तत्वावधान किया जाता है इस दिन माँ शीतला की विशेष पूजा आरती हवन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें नगर के विभिन्न प्रसिद्ध जस भजन मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी वहीं यह भी जानकारी दी गई कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा जिनका प्रारंभ 19 मार्च दिन से होगा समिति के सदस्य रामकुमार चक्रधारी, अनिल सोनकर व रवि सोनकर ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरपंचों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का दिया भरोसा

विधायक ललित के नेतृत्व में सरपंचों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही, सीएम से भी मिले

दुर्ग/नवप्रदेश। आज दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के सरपंचों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखा और मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात किया।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने सरपंचों को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी और उनके साथ क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। सरपंचों ने विधायक के साथ विधानसभा की कार्यवाही को देखा और सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद, सरपंचों ने मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने सरपंचों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना और उनका समाधान कराना। हम सरपंचों के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे और अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, सैनिक भुवन लाल देशमुख, भागवत राम पटेल, हुपेन्द्र कुमार देशमुख, अनुसूईया साहू, नारायण साहू, प्रेमीन साहू, सुमरन लाल साहू, गायत्री साह, पुरुषोत्तम लाल साहू, चुम्मन लाल यादव, योगेश्वरी बाई, लक्ष्मी देवी साहू, किशोर कुमार साहू, लक्ष्मी यदु, महेश कुमार यादव, मीना यादव, गोपी चंद यादव, जीतेन्द्र गुप्ता, तुषार साहू, दुलारी देशलहरे, रामसिंह निषाद, कौशल प्रसाद निषाद, बसन्ती निषाद, गीता गजपाल, मोतिम निषाद, बालकिशन निषाद, संतोषी साहू, कुलेश्वर साहू, भुवन लाल देशमुख, पुष्पा बाघमारे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जल संरक्षण को बढ़ावा देने निगम का नलों में टोटी अभियान जारी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार शहर के जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत नलों में टोटी लगाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसका उददेश्य नागरिकों द्वारा नल खुला छोड़ने से होने वाले पानी की बरबादी को रोकना और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। निगम के अधिकारियों ने बताया है कि पानी का उपयोग करने के बाद लोग नल बंद नहीं करते, जिससे अनावश्यक पानी की बर्बादी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए सभी सार्वजनिक नलों में विशेष टोटियां लगाई जा रही है, जिससे पानी की खपत नियंत्रित रहे और नागरिको में पानी की बचत के प्रति जागरूकता बढ़े। नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर के सभी नागरिको से अपील की है कि नल का उपयोग करते समय सावधानी बरतें और टोटी का सही उपयोग करें, ताकि पानी का महत्व समझा जा सके और संसाधनों की बर्बादी रोकी जा सके। नल है तो जल है और जल है तो कल है। ''जल है तो कल है'' यदि आज हम पानी बचााएंगे, तभी हमारा भविष्य कल सुरक्षित रहेगा।

महापौर शशि सिन्हा ने की वार्ड में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 09 डीपीएस रिसाली सेक्टर में नाली निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर शशि सिन्हा ने 07 लाख 50 हजार की राशि अपने निधि से स्वीकृत की है। उन्होंने मंगलवार को भूमिपूजन कर कार्य आरंभ कराया। महापौर शशि सिन्हा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से कहा कि प्राथमिकता पर कार्य स्वीकृत की है और विकास कार्य को मूर्त रूप देने भूमिपूजन भी साथ ही साथ कर रही है। उन्होंने ब्लाक 275 से ब्लाक 281 तक नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। भूमिपूजन में मोहन राव, कृष्ण वेणू, शकुंतला वर्मा, गिरजा ठाकुर, सुमन ध्रुव देवांगन, फोश ठाकुर उपस्थित थे।

मुक्तिधाम नवीनीकरण: मंत्री गजेन्द्र की पहल से 1 करोड़ स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर की जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम एवं वार्ड 52 बोरसी मुक्तिधाम के नवीनीकरण के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर दोनों मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए 50-50 लाख रुपये कुल 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

बोरसी क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से क्षेत्र के मुक्तिधाम के नवीनीकरण और मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे थे, ताकि स्थानीय नागरिक अपने परिजनों का अंतिम संस्कार वहीं सुगमता से कर सकें। वहीं शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण यहां अक्सर भीड़ रहती है। वर्षो पहले बने इन मुक्तिधामों की स्थिति को देखते हुए उनके नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन स्तर पर पहल की और दोनों मुक्तिधामों के नवीनीकरण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराई। नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां अंतिम संस्कार करने सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शासन से स्वीकृति मिलने पर दुर्ग शहर के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। केबिनेट मंत्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विकास कार्यों की योजना बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधामों के एक साथ जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत कराई थी, जिसका कार्य अब अंतिम चरण में है।

'सुशासन' मतलब 'सूखा नशा आसन': मिलिंद

■ नवनियुक्त महामंत्री निकिता मिलिंद ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने दुर्ग शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी में निकिता मिलिंद को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर नवनियुक्त महामंत्री मिलिंद ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का आभार। वही विशेष रूप से धीरज बाकलीवाल का आभारी हूँ। यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। मैं पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करूंगी। वहीं नवनियुक्त महामंत्री मिलिंद ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सवालों किया है कि सुशासन' मतलब 'सूखा नशा आसन' अब जवाब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को देना है. उनको बताना होगा कि अफीम की इस खेती में कौन-कौन मंत्री/अधिकारी शामिल हैं? नव्या मलिक का नाम सरकार की लिस्ट से किसने बाहर किया?

महापौर अलका की अनोखी पहल, शादियों में पहुंचकर दूल्हा-दुल्हन को भेंट की हेलमेट

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने एक अनोखी पहल करते हुए तीन अलग-अलग शादियों में पहुंचकर नव-विवाहित वर-वधु को शुभकामनाएं दीं और उन्हें हेलमेट भेंट किया। इस अवसर पर एमआईसी शशि साहू, सरिता चंद्रकार, सुरूचि उमरे सहित अन्य मौजूद रही। महापौर ने नव-दंपतियों को उनके नए जीवन की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है।

संयंत्र में जीरो एक्सीडेंट, जीरो ब्रेकडाउन विषय पर प्रदर्शन संवर्धन कार्यशाला

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में विगत दिनों में जीरो एक्सीडेंट, जीरो ब्रेकडाउन विषय पर एक प्रदर्शन संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की परिकल्पना मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी एवं एसपी-3) संजीव वर्गीज द्वारा की गई थी। कार्यशाला में ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) के कार्यपालक, गैर-कार्यपालक तथा संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके साथ ही सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) के कार्यपालकों की सहभागिता भी रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यवहार आधारित सुरक्षा पद्धतियों को बढ़ावा देना तथा सुरक्षित कार्य व्यवहारों को सुदृढ़ कर एक मजबूत एवं स्थायी सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम में तकनीकी एवं सहभागितापूर्ण सत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने परिचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों में सुरक्षित कार्यप्रणालियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION, KAWARDHA DISST. KABIRDHAM (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM No. 01

Following amendment is made in system No. 186176/NIT No.16/SAC /2025-26
Kawardha, Date 02.03.2026

Amendment

01	Bid Start Date and time : 13.03.2026
02	Bid Due Date and time : 27.03.2026
03	Bid Open Start Date and time : 30.03.2026

All other terms and condition will be unchanged.
G.No.: 252607016/3

Executive Engineer
Water Resources Division, Kawardha
Distt. Kabirdham (C.G.)
For, Chief Engineer Mahanadi Godavari
Basin Raipur (C.G.)
G -252607136/8

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति चारामा, जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

मंडी / निर्माण/निविदा आमंत्रण/2025-26/822 चारामा दिनांक 11.03.2026

- मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना -

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति-चारामा जिला- उ0ब0 कांकेर (छ.ग.) में निम्न दर्शित कार्य के लिये कार्य के सम्मुख दर्शित लागत / पंजीयन श्रेणी अनुसार छ.ग. शासन के एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015/विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. अनुसार मुहर मुहरबंद निविदाएँ प्रपत्र अ (प्रतिशत दर) में तीन लिफाफा पद्धति से कार्यालय, पर्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति-चारामा जिला उ0ब0 कांकेर में दिनांक 29.04.2026 (कार्यालयीन समय संध्या 5.00 बजे तक) केवल पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि दिनांक 21.04.2026 (सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 29.04.2026 (सायं 5.00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की निर्धारित तिथि दिनांक 30.04.2026 (दोपहर 02.00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत एस.ओ.आर. पर (रू. लाख में)	ब्याने की राशि रू. (FDR में)	समयावधि (वर्षा ऋतु सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पंजीयन की श्रेणी	एस.ओ.आर विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मंडी प्रागंण चारामा में बाउण्ड्रीवाल निर्माण (130.00 मी.) कार्य।	9.91	10000.00	03 माह	1000/-	डी एवं उच्च श्रेणी	लो.नि. वि. भवन कार्य दिनांक 01.01.2015 / विद्युत दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार
2	उप मंडी प्रागंण नरहरपुर में 200 मे. टन गोदाम रिपेयर कार्य।	2.53	2500.00	03 माह	1000/-		
3	मुख्य मंडी चारामा के मचान्दूर नाका के पास रेक्टो रिफलेक्टीव साईन बोर्ड (स्वागत द्वार) प्रावधान कार्य।	8.26	8500.00	03 माह	1000/-		लो.नि.वि. सड़क कार्य दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील दर अनुसूची अनुसार

शर्ते - 1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन, जी.एस.टी. पंजीयन / जी.एस.टी क्लीयरेन्स प्रमाण पत्र, न्यूनतम 03 माह की अवधि के पूर्व का/पेन कार्ड, आवश्यकतानुसार वैध बैंक साल्वेसी (अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत न्युनतम मूल्य का एवं जारी दिनांक से 01 वर्ष की अवधि अंतर्गत हो/ विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न अभिलेख / श्रम पंजीयन एवं संबंधित इ.पी.एफ. चालान / संस्था में कार्यरत सिविल इंजीनियर का नियुक्ति पत्र एवं संबंधित का सहमति / घोषणा पत्र/शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र) अपेक्षित उल्लेखित अभिलेखों की मूल प्रति अवलोकनार्थ प्रस्तुत उपरान्त निविदा प्रपत्र जारी योग्य पाये जाने पर प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र दिनांक 29.04.2026 तक कार्यालयीन समय अंतर्गत 5:00 बजे शाम तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। 2. अमानत की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर./टी.डी.आर./ डाक विभाग द्वारा जारी एन.एस.सी. के रूप में जो कि सचिव, कृषि उपज मंडी समिति चारामा, जिला उ0ब0 कांकेर को देय होगी, ही स्वीकार्य किये जा सकेंगे। 3. कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं आवश्यक अन्य शर्ते कार्यालयीन समय तक दिनांक 21.04.2026 तक देखी / प्राप्त की जा सकती है, जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा एवं निर्धारित शर्तो की पूर्ति नही पाये जाने की दशा में वित्तीय ऑफर लिफाफा "सी" नहीं खोला जा सकेगा। 4. किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का निर्णय का अधिकार मंडी समिति / मंडी बोर्ड प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी को सुरक्षित होगा। 5. मंडी समिति अथवा मंडी बोर्ड में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी रिश्तेदार नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। 6. सशर्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी 7. निर्माण कार्यो में प्रयुक्त खनिज सामग्रियों की देय रायल्टी शुल्क जमा करने की जवाबदारी संबंधित एजेंसी / संस्था की होगी। 8. कार्य क्र. 3 (स्वागत द्वार/सूचना बोर्ड) के लिए अवर सचिव, छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर के ज्ञाप. क्रमांक एफ/21-5/पी./19/2012/निविदा नया रायपुर अटल नगर दिनांक 15.10.2020 जिसके अनुसार सड़क दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 के चेप्टर क्रमांक 08 के अंतर्गत आयटम क्रमांक 8.3, 8.4, 8.5, 8.6 एवं 8.7 में लोक निर्माण विभाग में निविदा आमंत्रण के लिए निर्धारित विशेष कंडिका के अंतर्गत निर्धारित आर्हता पात्रता निविदाकारों को ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जा सकेगा। 9. मंडी समिति द्वारा किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री की आपूर्ति नहीं किया जायेगा।

(सौरभ कुमार शर्मा)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति चारामा
जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

संवाद - 47163/2

(श्रीमती प्रमिला मण्डावी)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति चारामा
जिला - उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

शहरों में स्वच्छता के नियमित मूल्यांकन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। ठोस व तरल अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन, नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य तथा शहरों की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नई पहल के तहत छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग प्रारंभ किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 10 मार्च को रायपुर में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में इसका शुभारंभ किया।

इसके शुभारंभ के साथ ही राज्य शासन ने शहरों में स्वच्छता के नियमित मूल्यांकन हेतु छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग के क्रियान्वयन के लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा है कि राज्य शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने सतत् प्रयास किए जा रहे हैं। इस हेतु सतत् सफाई व्यवस्था एवं ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रस्तुत दावों के मूल्यांकन एवं सत्यापन के लिए 'छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग 2025-26' के अंतर्गत निकायों में सर्वेक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। परिपत्र में बताया गया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पिछले वर्ष 12 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित स्वस्छता समागम समारोह में राज्य में 'छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग 2025-26' शुरू करने की घोषणा की गई थी।

स्वच्छता कर्मियों, पर्यवेक्षकों को अवगत कराने निर्देश

नगरीय प्रशासन विभाग ने सर्वेक्षण अंतर्गत प्रस्तावित स्थल निरीक्षण के प्रभावी संचालन के लिए सभी नगरीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्र में सभी हितधारकों-नागरिकों, स्वच्छता कर्मियों, पर्यवेक्षकों, अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों एवं प्रबंधकों को सर्वेक्षण के पहले ही अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी सक्षम प्राधिकारियों को अपने-अपने निकायों में सर्वेक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा है जिससे मूल्यांकन कार्य सरल, पारदर्शी एवं निर्बाध रूप से संपादित हो सके। विभाग ने स्वच्छता लीग के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ ही नगरीय निकायों को राज्य स्तरीय सर्वेक्षण के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

51.20 किमी सड़क का होगा चौड़ीकरण और मजबूतीकरण

राज्य शासन ने कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 90 करोड़ 69 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 51.40 किमी सड़क का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही 1.40 किमी लंबाई के अंधे मोड़ का पुनर्रेखन भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। श्री साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों एवं संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। लोक निर्माण विभाग ने प्रमुख अभियंता को कार्य की निविदा समय-सीमा में करने, निर्माण कार्य प्राक्कलन व कार्य संपादित करने में मितव्ययिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्माण एजेंसी से अनुबंधित समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाना सुनिश्चित कराने को कहा है। कार्य पूर्ण किये जाने के लिए अनावश्यक समय-सीमा वृद्धि नहीं किए जाने के भी निर्देश विभाग ने दिए हैं। अपरिहार्य एवं नियंत्रण से बाहर मान्य कारणों के आधार पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा समय-सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती 16 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा द्वारा जारी सूचना के अनुसार वार्ड क्रमांक 07 कालिका नगर एवं वार्ड क्रमांक 10 भक्त कंवर राम वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 16 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को https//www.e-bharti.in/ वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। परियोजना कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

75 वर्षों से लंबित सिंचाई योजना की स्वीकृति से किसान खुश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला के प्रयास से 48 करोड़ 92 लाख 61हजार रूपये का नेवसा उदवहन सिंचाई योजना को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने स्वागत करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश के किसान हितैषी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओ पी चौधरी को आभार प्रकट किया है। इस महत्वपूर्ण सिंचाई योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के किसानों को स्थाई सिंचाई सुविधा एवं कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी खुटाघाट के नजदीक होने के बावजूद 75 वर्षो से सिंचाई सुविधा के लिये बाट जोह रहे किसानों की समस्या का निदान हुआ है,लगभग 1400 हेक्टेयर खरीफ और 400 हेक्टेयर रवि फसल की सिंचाई सुविधा मिलने से नेवसा, गिधोरी, कर्रा, जाली, टेकर, अकलतरी, बामहू, बेलतरा, कड़री, सलखा, लिम्हा सहित 15 ग्राम के किसान लाभान्वित होंगे और किसानों के अर्थव्यवस्था में सुधार होगा बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के भगीरथ प्रयास से कृषि और ग्रामीण विकास में नई गति मिलेगी। किसान मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने क्षेत्र के किसानों की तरफ से विधायक सुशांत शुक्ला के कार्य के लिये सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सहकारी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ड्रीम एन्कलैव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित अशोक नगर का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार संचालक मंडलों के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 22 मार्च को नामांकन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। 5 अप्रैल को आमसभा आहूत कर निर्वाचन हेतु मतदान एवं मतगणना और 17 अप्रैल को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा।

एलपीजी आपूर्ति को लेकर कलेक्टर ने की समीक्षा

पैनिक में न आएं, जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध : कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईरान युद्ध से उत्पन्न अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच जिले में घरेलू एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों और गैस वितरकों की बैठक लेकर व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए आम उपभोक्ताओं को घबराने या पैनिक में आकर गैस का अनावश्यक भंडारण करने की जरूरत नहीं है।

बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए होटल और उद्योगों में व्यवसायिक उपयोग के लिए दी जाने वाली गैस सिलेंडरों की आपूर्ति फिलहाल बंद कर दी गई है। हालांकि अस्पतालों और स्कूलों को उनकी वास्तविक जरूरत के अनुसार गैस उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का किसी भी प्रकार से व्यवसायिक या अन्य उपयोग न होने दें।

रोजाना 5 हजार गैस सिलेंडरों की डिलीवरी

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में घरेलू गैस के लगभग 4.80 लाख कनेक्शन हैं। तीन ऑयल कंपनियों के 38 गैस वितरकों के माध्यम से इन उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाती है, जिनमें से 22 वितरक केवल बिलासपुर शहर में संचालित हैं। वर्तमान में जिले में प्रतिदिन लगभग 5 हजार गैस सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है और पिछले 10 दिनों से इसी दर से आपूर्ति जारी है। बैठक में यह भी बताया गया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। गैस वितरकों ने शहर में लागू नो-एंट्री प्रतिबंध से राहत देने की मांग भी रखी, जिस पर कलेक्टर ने सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक में आकर गैस सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न करें।

हिट एंड रन के 4 मामलों में 2-2 लाख की सहायता की अनुशंसा

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें टक्कर मारकर भागने (हिट एंड रन) से हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में चार मामलों में पीड़ित परिवारों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रकरणों के अनुसार सीपत तहसील के ग्राम सोठी की सतरूपा बाई, बोदरी तहसील के ग्राम सरगांव निवासी संतोष कुमार वर्मा, कोटा तहसील के ग्राम देवरी कला निवासी कुसुम बाई मेहरा तथा बिल्हा तहसील के ग्राम मोहदा की श्रीमती राजेश्वरी पटेल के निकट संबंधियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के मामले समिति के समक्ष रखे गए। सभी मामलों की जांच एवं परीक्षण के बाद समिति ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की अनुशंसा की। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्य के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जीव धरणी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। समिति ने प्रकरणों का परीक्षण कर पात्रता के आधार पर सहायता राशि की अनुशंसा की। उल्लेखनीय है कि हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ित लोगों को मृत्यु की स्थिति में 2 लाख एवं गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में 50 हजार क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान 1 अप्रैल 2022 से लागू है। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों को योजना का अधिक से अधिक प्रचार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने में मदद करने का आग्रह किया है।

गुजरात पुलिस के अधिकारी करेंगे बिलासपुर पुलिसिंग का अध्ययन

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अंतर्गत स्टेट पुलिस कल्चर एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत गुजरात पुलिस के 15 अधिकारी बिलासपुर पुलिस एवं बिलासपुर रेंज की कार्यप्रणाली का अध्ययन करेंगे। दोनों राज्यों की पुलिस के श्रेष्ठ कार्यों के आदान-प्रदान से पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने का उद्देश्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत कल्चर एण्ड चेंज ब्टीविन स्टेट पुलिस के 14वें चरण में गुजरात पुलिस के जिला पोरबंदर से 15 अधिकारी एवं कर्मचारियों का दल 10 मार्च को बिलासपुर पहुंचा। आगमन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा दल का औपचारिक स्वागत करते हुए सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों को बिलासपुर पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों, जनजागरूकता अभियानों तथा सामुदायिक सहभागिता आधारित पुलिसिंग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। आगामी 20 दिनों के दौरान पोरबंदर से आए अधिकारी एवं कर्मचारी बिलासपुर रेंज एवं विशेष रूप से जिला बिलासपुर में पुलिस की विभिन्न इकाइयों की कार्यप्रणाली का अध्ययन करेंगे। इस दौरान थाना, चौकी, पुलिस लाइन, यातायात प्रबंधन, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, जिले की भौगोलिक स्थिति, अपराध की प्रकृति एवं उनके रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित 'चेतना अभियान' सहित विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अपराध रोकथाम एवं नागरिक सहभागिता के प्रयासों की भी जानकारी साझा की जाएगी।

आयुक्त ने पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने और सुविधाएं विकसित करने दिए निर्देश

संभागायुक्त सुनील जैन ने किया पीएमश्री स्कूल का निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त सुनील जैन ने आज चकरभाठा स्थित पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य से स्कूल में संचालित कक्षाओं की जानकारी ली तथा शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने और सुविधाएं विकसित करने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल भवन के पीछे स्थित परिसर में गार्डन और ओपन जिम विकसित करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री जैन ने स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पदों की भी जानकारी ली और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल की लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए लाइब्रेरी को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही लाइब्रेरी को हाईटेक बनाते हुए सभी व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसर में मिनी स्टेडियम बनाने के निर्देश भी दिए। परिसर में निर्मित 16 कमरों की भवन की स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्होंने उसकी मरम्मत कराने तथा सीपेज की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले सत्र तक सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करा लिए जाएं। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर स्मृति तिवारी, समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक ओम पांडे सहित संबंधित अधिकारी एवं स्कूल के प्राचार्य उपस्थित थे।

बिलासपुर मंडल में महिला दिवस पर 27 महिला रेलकर्मियों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर स्थित न्यू ऑडिटोरियम में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला रेलकर्मी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी शर्मा, अध्यक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता उज्ज्वल पाटनी ने अपने प्रेरणादायी एवं मोटिवेशनल संबोधन से महिलाओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 27 महिला रेलकर्मियों को मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी शर्मा, अध्यक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक महिला रेलकर्मियों की उपस्थिती रही। महिला दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस वर्ष महिला दिवस की थीम 'राइट्स, जस्टिस, एक्शन-फॉर ऑल वुमेन एण्ड गर्ल्स' है, जो महिलाओं और बालिकाओं के अधिकार, न्याय तथा उनके सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को शिक्षा, अवसर, सम्मानजनक कार्य वातावरण तथा सुरक्षित माहौल प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर लगभग 42 प्रतिशत कार्यबल में महिलाएँ शामिल हैं, जबकि नेतृत्व के उच्च पदों पर उनकी भागीदारी अभी भी लगभग 31 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारत में भी पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की कार्यबल भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वर्ष 2017-18 में लगभग 23 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में लगभग 42 प्रतिशत तक पहुँच गई है, जो सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है।

महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल जैसे विशाल सार्वजनिक संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। आज महिलाएँ लोको पायलट, गार्ड, इंजीनियर, टीटीई, ट्रैक मेंटेनर, आरपीएफ तथा स्टेशन प्रबंधन जैसे विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं और भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को भी अपनी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों पर गर्व है, जो विभिन्न क्षेत्रों में समर्पण और दक्षता के साथ कार्य कर रही हैं। साथ ही खेल के क्षेत्र में भी महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रेलवे का नाम रोशन किया है।

समीक्षाः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में इंटर-जोनल सतर्कता ऑडिट समीक्षा बैठक आयोजित

सतर्कता ऑडिट का भारतीय रेल में ईमानदारी, पारदर्शिता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिकाः तरुण

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में इंटर-ज़ोनल सतर्कता ऑडिट के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण इंटर-ज़ोनल सतर्कता ऑडिट समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह ऑडिट पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर), जबलपुर की सतर्कता टीम द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने कहा कि सतर्कता ऑडिट भारतीय रेल में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे ऑडिट से प्राप्त रचनात्मक सुझाव और अनुशंसाएँ संगठन की आंतरिक प्रणालियों को मजबूत करने तथा सुशासन को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होती हैं। सतर्कता ऑडिट के दौरान भविष्य की कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें सतर्कता प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा निवारक सतर्कता तंत्र को सुदृढ़ करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। यह इंटर-ज़ोनल सतर्कता ऑडिट पारदर्शी प्रशासन, जवाबदेही और बेहतर कार्यप्रणाली की दिशा में भारतीय रेल के सतत प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सतर्कता तंत्र में लागू प्रणालीगत सुधारों की समीक्षा

बैठक में तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अपर महाप्रबंधक, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं पश्चिम मध्य रेलवे की सतर्कता टीम का नेतृत्व वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, नीरज कुमार ने किया, जिनके साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी भी शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेलवे की सतर्कता टीम के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मनोज गुरुमुखी ने स्वागत संबोधन देते हुए इंटर-ज़ोनल सतर्कता ऑडिट के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे की सतर्कता टीम द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संचालित विभिन्न सतर्कता तंत्र, निवारक उपायों तथा विभागों में लागू प्रणालीगत सुधारों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके पश्चात वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में संचालित सतर्कता गतिविधियों, पहलों और उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। इस समीक्षा बैठक के माध्यम से दोनों जोनों के अधिकारियों को श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करने, प्रणालीगत सुधारों की पहचान करने तथा संगठन में पारदर्शिता और जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाने का अवसर मिला।

दुबई एयरपोर्ट के पास ड्रोन हमला भारतीय समेत चार लोग घायल

दुबई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दुबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दुबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास दो ड्रोन गिराए जाने की घटना सामने आई है। इस घटना में एक भारतीय नागरिक सहित कुल चार लोग घायल हो गए। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट के आसपास उड़ रहे दो ड्रोन को मार गिराया। इसके बाद ये ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिर गए, जिससे आसपास मौजूद लोगों को चोटें आईं। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में दो घाना के नागरिकों और एक बांग्लादेशी नागरिक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि एक भारतीय नागरिक को मध्यम स्तर की चोटें लगी हैं। घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इसके साथ ही दुबई प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस घटना के बावजूद एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें किस उद्देश्य से उड़ाया गया था।

न्यूज गैलरी

स्पीकर ने दो विधायकों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कीं

हैदराबाद। तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद राव ने बुधवार को बीआरएस के विधायक दानम नागेंद्र और कादियम श्रीहरि के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर दिया। भारत राष्ट्र समिति और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दायर याचिकाओं में आरोप लगाया गया था कि दोनों विधायकों ने दल-बदल विरोधी नियमों का उल्लंघन किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोई ठोस प्रमाण नहीं है कि दोनों विधायकों ने आधिकारिक रूप से पार्टी बदली है। उपलब्ध सामग्री और सुनवाई के दौरान दिए गए स्पष्टीकरण के आधार पर याचिकाओं को खारिज कर दिया गया। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले आया। इससे पहले अध्यक्ष ने इसी तरह के मामलों में आठ अन्य विधायकों को भी क्लीन चिट दी थी। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दानम नागेंद्र और कादियम श्रीहरि को क्लीन चिट देना लोकतंत्र पर हमला है। केटीआर ने इसे लोकतंत्र के इतिहास में एक काला दिन बताते हुए कहा कि ऐसे फैसले राजनीतिक दलबदल को बढ़ावा देते हैं और लोगों का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा कमजोर करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला सत्ता में बैठे लोगों के फायदे के लिए संवैधानिक सिस्टम का गलत इस्तेमाल है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता इस पर सही समय पर जवाब देगी। दानम नागेंद्र ने केटीआर और भाजपा नेताओं पर पलटवार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि बीआरएस विधायक दल की हाल की बैठक में उन्हें क्यों शामिल नहीं किया गया। साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा और बीआरएस ने मिलकर गलत मेल बनाया, जिससे उनकी संसदीय चुनाव में हार हुई। नागेंद्र ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किसी अन्य पार्टी की सदस्यता नहीं ली और विधानसभा में बीआरएस के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी की तरफ से किसी भी व्हिप का पालन नहीं किया गया। उन्होंने भरोसा जताया कि अगर फैसला उनके खिलाफ भी जाता, तो वह उपचुनाव लड़कर जीतते।

लालू-राबड़ी राज पर तंज कसते फिसली नीतीश कुमार की जुबान

पटना/अररिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का आज दूसरा दिन है। अररिया में जनसभा को संबोधित करने के उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया, जिससे वह एक बार फिर से चर्चा में आ गए। उन्होंने दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर राष्ट्रीय जनता दल को आड़े हाथों लिया। अपने संबोधन में उन्होंने बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि पहले के शासनकाल में महिलाओं के लिए कोई ठोस काम नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को यह अच्छी तरह याद रखना चाहिए कि पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि उस समय सात साल तक सत्ता में रहने के बाद भी महिलाओं के लिए कोई विशेष पहल नहीं की गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ÷जब पद से हटे तो अपनी हीं बेटी को आगे कर दिया, लेकिन राज्य की महिलाओं के लिए कोई ठोस काम नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने अपने शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने बताया कि बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं प्रशासनिक और अन्य सेवाओं में आईं।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का किया शंखनाद

लखनऊ। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने लखनऊ में शंखनाद कर गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का शंखनाद कर दिया। आशियाना के कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक उपवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत-धर्माचार्य और समर्थक मौजूद रहे।

कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग जगहों से धर्माचार्य और गो रक्षक मंगलवार को ही लखनऊ में जुट गए। गो रक्षा आंदोलन को लेकर शंकराचार्य इन दिनों चर्चा में हैं और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं।

इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही तैयारी शुरू कर दी और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध कार्यक्रम में भाग लेने मंगलवार को लखनऊ पहुंचे राष्ट्रीय संत सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि इस कार्यक्रम को रुकवाने की बहुत कोशिशें की गईं जो निरर्थक साबित हुईं। प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए कई शर्तों के साथ अनुमति दी है।

उन्होंने कहा कि गौ, गंगा और गायत्री भारतीय संस्कृति का मूल आधार हैं। यदि देश गो-बध मुक्त बनता है तो भारत पुनः विश्व गुरु के स्वरूप की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में कर्मों के आधार पर फल मिलने की मान्यता है, इसलिए प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है कि वह गौ रक्षा के लिए अपना योगदान दे। कार्यक्रम में अखिलेश अवस्थी ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में प्रत्येक गांव में गोचर भूमि दर्ज है, लेकिन अब अधिकांश स्थानों पर यह भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है। इसके कारण गौवंश सड़कों और बाजारों में भटकने को मजबूर है।

दलजीत कौर ने कहा कि हर सनातनी को गौ रक्षा के लिए आगे आना चाहिए और जहां भी संभव हो, गौ प्रतिष्ठा आंदोलन का समर्थन करना चाहिए। इस दौरान मौजूद लोगों ने गौ माता के समर्थन में जयकारे लगाए और आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में जुटीं महिलाएं

फैजुल्लागंज क्षेत्र में बुधवार को गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थन में दर्जनों सनातनी महिलाएं एकत्रित हुईं। इस दौरान महिलाओं ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग उठाते हुए आंदोलन को मजबूती देने का आह्वान किया। सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान रहा है, लेकिन वर्तमान समय में लोग इससे दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूजा-पाठ में शुद्धता और परंपराओं का पालन जरूरी है। साथ ही उन्होंने लोगों से गौ संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की।

सुप्रीम कोर्ट ने दिए सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा के आदेश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाय, अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। सुप्रीम कोर्ट एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने बेंच को भरोसा दिलाया कि पाठ्यक्रम की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसके साथ ही एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है। इससे पहले 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया।

थाईलैंड के फुकेट में टला बड़ा हादसा, एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग

■ विमान की लैंडिंग के बाद लैंडिंग गियर में खराबी

नई दिल्ली। थाईलैंड के फुकेट हवाई अड्डे पर एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की हार्ड लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान-AXB938 ने हैदराबाद से उड़ान भरी थी। विमान निर्धारित समय से पहले फुकेट हवाई अड्डे पर पहुंचा और लैंडिंग के समय खराबी आ गई। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक विमान के लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमान की लैंडिंग का निर्धारित समय 11:40 बजे था, लेकिन यह 11:24 बजे ही उतार लिया गया। विमान में चालक दल के सात सदस्य, 131 यात्री और दो शिशु सवार थे। जिस विमान में खराबी आई है, इसका निर्माण बोइंग कंपनी ने किया है। बोइंग के 737-800 मॉडल के इस विमान की पंजीकरण संख्या ङ्क्ष-क्कङ्घक्त है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान की हार्ड लैंडिंग होने के कारण लैंडिंग गियर के साथ-साथ सामने वाले हिस्से में भी नुकसान पहुंचा है। नुकसान के कारण विमान को तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका है। हार्ड लैंडिंग के समय विमान की गति तेज थी। राहत की बात ये रही कि विमान में सवार किसी को भी चोट नहीं लगी है। तकनीकी खराबी के बावजूद, सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

एयरमैन को नोटिस जारी, रनवे अस्थायी रूप से बंद

फुकेट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने घटना की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने 12:08 बजे से शाम 6:00 बजे तक के लिए एयरमैन नोटिस (नोटम) जारी किया है। इसके तहत रनवे को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की गई है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ 300 अरब डॉलर की तेल रिफाइनरी में साझेदार होगी-ट्रंप

■ अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है उनके देश में पचास साल बाद बनने वाली 300 अरब डॉलर की पहली तेल रिफाइनरी में भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज़ समूह साझेदार होगी। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पेज ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा, इस ज़बरदस्त निवेश के लिए भारत में हमारे साझेदार और उनकी सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, रिलायंस को धन्यवाद।

श्री ट्रंप ने कहा, अमेरिका असली ऊर्जा प्रभुत्व की ओर लौट रहा है, आज मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग, ब्राउन्सविले, टेक्सास में 50 साल में पहली नई अमरीकी तेल रिफाइनरी खोल रही है। यह एक ऐतिहासिक 300 अरब डॉलर की डील है – अमरीकी इतिहास की सबसे बड़ी, अमेरिकी लोगों, ऊर्जा और दक्षिण टेक्सास के लोगों के लिए एक बड़ी जीत। उन्होंने आगे कहाः 'यह हमारे अमेरिका फर्स्ट एजेंडा, परमिट को आसान बनाने और कर कम करने की वजह से है, जिसकी वजह से हमारे देश में अरबों डॉलर की डील वापस आ रही हैं।' उन्होंने कहा कि ब्राउन्सविले पोर्ट पर एक नई रिफाइनरी, अमरीकी बाजार को बढ़ावा देगी, इसकी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगी, अमेरिकन ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाएगी और अरबों डॉलर की अर्थव्यवस्था पर असर डालेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रिफाइनरी दुनिया की सबसे साफ-सुथरी होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अभी इस विषय पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सूर्यकुमार और तिलक वर्मा ने ट्रूजन सोलर में स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट किया

हैदराबाद/नवप्रदेश। सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के तहत काम करने वाली एक लीडिंग सोलर सॉल्यूशन प्रोवाइडर, TRUZON सोलर ने भारत की ICC मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली टीम के कैप्टन सूर्यकुमार यादव और उसी वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के मेंबर तिलक वर्मा से स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट की घोषणा की है। यह इन्वेस्टमेंट भारत के तेज़ी से बढ़ते रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में कंपनी की ग्रोथ को और मज़बूत करेगा। TRUZON सोलर के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, चारुगुंडला भवानी सुरेश ने कन्फर्म किया कि दोनों प्लेयर्स ने कंपनी में इन्वेस्ट किया है, जो ऑर्गनाइज़ेशन के लॉन्ग-टर्म विज़न और भारत के क्लीन एनर्जी ट्रांज़िशन में इसके कंट्रीब्यूशन पर उनके कॉन्फिडेंस को दिखाता है। चारुगुंडला भवानी सुरेश ने कहा, "TRUZON Solar ने सोलर एनर्जी इंडस्ट्री में 17 साल से ज़्यादा पूरे कर लिए हैं, और इस पूरे सफ़र में हमारा मुख्य फ़ोकस भरोसेमंद सोलर सॉल्यूशन देने पर रहा है, साथ ही इस सेक्टर में सबसे मज़बूत आफ़्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क में से एक को बनाए रखा है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा का हमारी कंपनी में इन्वेस्ट करने का फ़ैसला हमारे विज़न और रिन्यूएबल एनर्जी स्पेस में हमारी बनाई गई क्रेडिबिलिटी पर उनके भरोसे को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा, सोलर एनर्जी आज एक एनवायरनमेंटल ज़िम्मेदारी और एक नेशनल मौका दोनों है। TRUZON Solar में, हमारा मिशन क्लीन एनर्जी सॉल्यूशन को अपनाने में तेज़ी लाना है, साथ ही भारत से एक भरोसेमंद, सर्विस-ड्रिवन सोलर ब्रांड बनाना जारी रखना है।

खाड़ी क्षेत्र में संकट के कारण टी20 वर्ल्ड कप टीमों की वापसी में देरी : आईसीसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली कुछ टीमों के खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और उनके परिवारों की घर वापसी में देरी हो रही है। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट में अपने अभियान समाप्त कर चुके सभी लोग जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया है। आईसीसी के अनुसार यह देरी खाड़ी क्षेत्र में जारी संकट के कारण हो रही है, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। कई देशों के हवाई क्षेत्र बंद हैं, मिसाइल चेतावनियां जारी की जा रही हैं और उड़ानों के मार्ग बदले जा रहे हैं। इसके अलावा कई कमर्शियल और चार्टर उड़ानों को अचानक रद्द या पुनर्निर्धारित करना पड़ा है। आईसीसी ने स्पष्ट किया कि ये परिस्थितियां उसके नियंत्रण से बाहर हैं, जिससे खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था सामान्य से कहीं अधिक जटिल और समय लेने वाली हो गई है। आईसीसी ने बताया कि वह लगातार एयरलाइंस, चार्टर ऑपरेटर, एयरपोर्ट प्राधिकरण, ग्राउंड हैंडलर और विभिन्न देशों की सरकारी एजेंसियों के साथ संपर्क में है, ताकि सभी प्रभावित समूहों की सुरक्षित घर वापसी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के सदस्य आज रात से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना शुरू करेंगे और अगले 36 घंटों के भीतर सभी के प्रस्थान की उम्मीद है। वहीं वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के नौ सदस्य पहले ही कैरेबियन के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 सदस्य अगले 24 घंटों के भीतर भारत से उड़ान भरेंगे। आगे की प्रस्थान व्यवस्था की पुष्टि होने पर आईसीसी अतिरिक्त जानकारी साझा करेगा।

माइकल जैक्सन की बायोपिक खोलेगी पॉपस्टार के जीवन के राज

मुंबई। 'किंग ऑफ पॉप' कहे जाने वाले माइकल जैक्सन की बॉयोपिक 'माइकल' जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इसके पहले मेकर्स ने इसके सिनेमाघरों में रिलीज के पहले स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। फिल्म 'माइकल' के मेकर्स ने उनके फैंस को एक खास तोहफा देते हुए फिल्म के विशेष शो की घोषणा की। इस शो को बुधवार 22 अप्रैल को एक दिन के लिए रिलीज किया जाएगा। सिनेमाघरों में रिलीज होने के दो दिन पहले रखे गए इस शो में दर्शक मशहूर पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के जीवन के सफर को महज कुछ घंटों में देख सकेंगे।

लॉयनगेट स्टूडियो के बैनर तले बनी इस फिल्म में दिवंगत पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दिखाया जाएगा। इस फिल्म का दर्शकों को काफी वक्त से इंतजार था। माइकल के जन्म परिवार और फिर खुद को संगीत में खोजने के तरीकों के बारे में भी दर्शक काफी कुछ जान पाएंगें। फिल्म माइकल जैक्सन के स्टेज और निजी जीवन की कई परतें खोलने के साथ उनके संघर्ष को भी दिखाएंगी।

सड़कों पर मवेशी का राज, सिस्टम लाचार, कागजों पर सिमटी सरकारी योजनाएं

लगातार हो रहे सड़क हादसे से जनता बेहाल और किसान परेशान, हाईकोर्ट की फटकार का भी असर नहीं

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली जिले में मौत बनकर घूम रहे है बेसहारा पशु हर चैराहों पर पशुओं का कब्जा प्रशासन बेबस नजर आ रही है और इन अव्यवस्थाओं की लापरवाही का खामयाजा आम जनता भुगत रही है, हाई कोर्ट के फटकार के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं, छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम लागू होने के बावजूद धरातल पर निगरानी तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। राज्य में गोवंश के अवैध परिवहन और तस्करी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं।

बेसहारा मवेशियों को मिले सहारा- जिले में बेसहारा मवेशियों की बढ़ती संख्या के कारण सड़क हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थिति यह है कि सड़कों पर ट्रैफिक सिग्नल की बजाय आवारा गोवंश का राज चल रहा है। नगर पालिका और प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद मुख्य मार्गो से लेकर तंग गलियों तक में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। हार्न बजाने पर भी ये मवेशी टस से

मस नहीं होते, जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

हाई कोर्ट ने भी इस समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन को कई बार फटकार लगाई है, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है। पड़ताल में यह सामने आया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी गोवंश के झुंड बैठे रहते हैं. जिससे राहगीर और मवेशी दोनों हादसों का शिकार हो रहे हैं। हाईवे पर मवेशियों की उपस्थिति से मौत का खतरा बढ़ गया है। मुंगेली-बिलासपुर, मुंगेली-रायपुर और मुंगेली-कवर्धा राजमार्ग पर मवेशियों के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं। रात के अंधेरे में सड़क पर बैठे काले मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रिंग रोड़ पर भी यात्रियों को इन पशुओं के बीच से निकलने में कठिनाई हो रही है। पशुओं के सड़कों पर आने का मुख्यकारण चारागाह भूमि का खत्म होना है। जिले में गौधाम योजना के तहत लगभग 5 गोठान पंजीकृत हैं, जिनकी क्षमता लगभग 1200 पशुओं की है, लेकिन वर्तमान में केवल तीन गौधाम क्रियाशील हैं, जहां क्षमता से अधिक पशुओं को आश्रय मिला है।

मवेशियों के चलते फसल बर्बाद- मवेशियों की बढ़ती संख्या का सबसे बुरा असर रबी की फसलों पर पड़ रहा है। दलहन और तिलहन की फसलें आवारा मवेशियों की भेंट चढ़ रही हैं। गोठानों के बंद होने से किसानों को कड़ाके की ठंड में रातभर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। ग्रामीण इलाकों से पशुओं को शहर की ओर खदेड़ दिया जाता है और शहर वाले उन्हें सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में छोड़ देते हैं। इस चूहे-बिल्ली के खेल में मवेशी भूख-प्यास से व्याकुल होकर हिंसक हो रहे हैं और रहवासियों पर हमला कर रहे हैं। पशु मालिक अपनी जिम्मेदारी से भागते हैं और मवेशियों को लावारिस छोड़ देते हैं। छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम लागू होने के बावजूद धरातल पर निगरानी तंत्र पूरी तरह ध्वस्त है। राज्य में गोवंश के अवैध परिवहन और तस्करी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। प्रशासन को अस्थायी आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ानी होगी और स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करनी होगी। राज्य सरकार ने चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की तैयारी शुरू कर दी है अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इस मुहिम का उद्देश्य पशुधन को सड़कों से हटाकर सुरक्षित चरागाह उपलब्ध कराना है।

न्यूज गैलरी

गैस और डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक, खाद्य सचिव ने ली बड़ी बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में घरेलू एलपीजी तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि, राज्य में संचालित सभी 5 एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। इस अवसर पर संचालक खाद्य एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को राज्य में एलपीजी गैस की दैनिक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में ऑयल कंपनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि, कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर वर्तमान में केवल विशेष अत्यावश्यक संस्थाओं, जैसे अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को ही सप्लाई किए जा रहे हैं। इस पर खाद्य सचिव रीना कंगाले ने निर्देशित किया कि, वर्तमान समय में विद्यार्थियों की परीक्षाएँ चल रही हैं, इसलिए शैक्षणिक संस्थाओं एवं छात्रावासों को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। खाद्य सचिव श्रीमती कंगाले ने राज्य के उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि, प्रदेश में एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है और इन पेट्रोलियम पदार्थों की किसी प्रकार की कमी या शॉर्टेज नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि, उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के माध्यम से गैस सिलेण्डर की आपूर्ति नियमानुसार नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क कर सकते हैं।

महज हजार रुपये बकाया बिल पर बिजली का कनेक्शन कट

रायपुर/नवप्रदेश। आम उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की मनमर्जी पर बिजली नियामक आयोग भारी खफा है। प्रदेशभर के छोटे बकायेदार जिन पर हजार रुपए का भी बकाया है, तो उनकी बिजली को कट कर दिया जा रहा है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से 19 जनवरी को प्रकाशित किया, तो इस मामले को बिजली नियामक आयोग ने गंभीरता से लेते हुए खुद से संज्ञान लेते हुए याचिका दायर कर ली है और पॉवर कंपनी को नोटिस थमा दिया है। अब मामले की आयोग में 17 मार्च को सुनवाई होगी और पॉवर कंपनी को जवाब देना पड़ेगा कि आखिर क्यों एक माह का छोटा सा ही बकाया होने पर उपभोक्ताओं की बिजली कट की जा रही है। एक तरफ जहां आम उपभोक्ताओं की बिजली कट हो रही है, वहीं रसूखदारों की बिजली कट करने में पॉवर कंपनी का पसीना छूट रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने काफी समय से प्रदेश भर में बिजली के बकायेदारों के खिलाफ अभियान चला रखा है। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के हर शहर में बकायेदारों के कनेक्शन कट किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में बीस लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकायेदारों की संख्या ही दस लाख के करीब है। इन पर ही करीब ढाई हजार करोड़ का बकाया है। इसी के साथ एक लाख से ज्यादा के बकायेदारों की संख्या छह हजार से ज्यादा है।

मखाना की खेती सीखने पहुंचे छत्तीसगढ़ आए एमपी के किसान

रायपुर/नवप्रदेश। धान का कटोरे कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में अब एक नई फसल अपनी पहचान बना रही है। सुपर फूड मखाना, जिसे काला हीरा भी कहा जाता है। स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर मखाने की खेती अब राज्य में आधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ हो रही है। मखाना उत्पादन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं अध्यक्ष जनपद सदस्य आरंग, रिंकू चंद्राकर ने की। मध्य प्रदेश के किसानो को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्रहास चंद्राकर ने कहा- केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए विशेष रूप से कार्य कर रही है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से छत्तीसगढ़ मखाना बोर्ड सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम में शामिल हुआ है। हमारे मुख्य मंत्री विष्णु देव साय और कृषि मंत्री राम विचार नेताम द्वारा मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने विशेष प्रयास किया जा रहा है।

मौसमः सिरदर्द, चक्कर या उल्टी हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाने की सलाह, पर्याप्त मात्रा में पीते रहें पानी

तेज धूप, रायपुर में पारा 38 डिग्री पार स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

रायपुर/नवप्रदेश राजधानी में मार्च के दूसरे सप्ताह में ही तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दोपहर होने से पहले ही वातावरण गर्म हो जा रहा है, जिसके कारण लोग धूप और गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं।

सोमवार दोपहर शास्त्री चौक समेत शहर के कई इलाकों में राहगीर तेज धूप से बचने के लिए चेहरे को स्कॉर्फसे ढंके नजर आए। बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) और सिविल सर्जनों को गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।

हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती हैः स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में कहा गया है कि सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। स्वयं दवा लेने से बचने की सलाह दी गई है। गंभीर स्थिति में जब शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तो हीट स्ट्रोक की स्थिति बन जाती है, जिसे मेडिकल इमरजेंसी माना जाता है।

अस्पतालों में तैयारी अधूरी

हालांकि कई अस्पतालों में अभी भी लू के मरीजों के लिए अलग वार्ड तैयार नहीं किए गए हैं। सीजीएमएससी से दवाइयों की नियमित आपूर्ति नहीं होने के कारण आंबेडकर अस्पताल सहित कई जगहों पर लोकल पर्चेस से काम चलाया जा रहा है। आमतौर पर जब मरीज आने लगते हैं तब आनन-फानन में वार्ड तैयार किए जाते हैं या मरीजों को जनरल वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जाता है।

गर्मी में बढ़ता है सांस संबंधी रोगों का खतरा

आंबेडकर अस्पताल के चेस्ट विभाग के एचओडी डॉ. आर.के. पंडा के अनुसार गर्मी के मौसम में अधिक तापमान और उमस के कारण अस्थमा, सीओपीडी और एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। गर्म और शुष्क हवा से सांस की नलियों में जलन, बलगम गाढ़ा होना, सांस फूलना, घरघराहट और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने सलाह दी कि ऐसे लक्षण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

लू से बचाव के लिए यह रखें ध्यान

- पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।
- हल्के और ढीले सूती कपड़े पहनें।
- बाहर निकलते समय सिर को ढंककर रखें।
- नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का सेवन करें।
- स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और श्रमिकों को गर्मी से अधिक खतरा होता है, इसलिए इनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यदि किसी व्यक्ति में तेज बुखार, बेहोशी, भ्रम, अत्यधिक कमजोरी या पसीना आना बंद होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से चिकित्सा सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।

अस्पतालों में तैयारी के निर्देश

प्रदेश के जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में लू के मरीजों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, जीवनरक्षक दवाइयों और शीतलन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। रायपुर और दुर्ग जिला अस्पताल में सभी सुविधाओं से युक्त ऊष्मा आघात (हीट स्ट्रोक) कक्ष बनाए जा चुके हैं। अन्य जिलों को भी ऐसे कक्ष तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम की राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन के अनुसार अत्यधिक तापमान के संपर्क में आने से हीट स्ट्रोक हो सकता है, जिसमें मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर, सिरदर्द, प्यास और उल्टी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

रविशंकर यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अध्ययनशाला में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे। ये परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। ना सिर्फ स्नातक बल्कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी पंजीयन शुरू कर दिए गए है। ऑनलाइन पंजीयन के लिए सामान्य वर्ग को 500 रुपए चुकाने होंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को 400 रुपए देने होंगे। जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 300 रुपए का भुगतान करेंगे।

गौरतलब है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातकोत्तर के साथ-साथ स्नातक स्तर की परीक्षाएं भी अब सेमेस्टर प्रणाली से आयोजित की जा रही है। नवंबर-दिसंबर से सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हो जाने के कारण छात्रों को पूर्व की तरह सितंबर-अक्टूबर तक प्रवेश प्रदान किया जाना संभव नहीं है। ऐसे में पंजीयन, प्रवेश परीक्षा सहित अन्य प्रक्रिया पर्याप्त समय पूर्व प्रारंभ की जा रही है। रविवि ने स्पष्ट किया है कि स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन पंजीयन के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है अथवा ऐसे परीक्षार्थी जो वर्तमान में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं।

मुक्तिधाम में चल रहा था हाई प्रोफाइल जुए का फड़

सरपंच और नेता के रिश्तेदार समेत 7 जुआरी गिरफ्तार, 1.52 लाख नकद जब्त

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले की पुलिस लगातर जुआ खेलने वालों के खिलाफकार्रवाई कर रही है। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई कर ग्राम तेलासी में संचालित एक हाई प्रोफाइल जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक सरपंच और खरोरा क्षेत्र के एक बड़े नेता के रिश्तेदार सहित कुल 7 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए जुआरियों के पास 1 लाख 52 हजार रूपए नकद, 52 पत्ती ताश, 2 मोटरसाइकिल और 7 मोबाइल फोन जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार,

10 मार्च की रात समाधान सेल में सूचना प्राप्त हुई थी कि, ग्राम तेलासी स्थित मुक्तिधाम के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही गिधपुरी पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश देकर दी। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों के पास 1 लाख 52 हजार रूपए नकद, 52 पत्ती ताश, 2 मोटरसाइकिल और 7 मोबाइल फोन जब्त किया गया।

आरटीई की रकम डकारने वाले विद्यालय पर डीईओ मेहरबान!

रिकवरी आदेश के बाद भी गबन की रकम अटकी, अफसर कह रहे प्रक्रिया जारी

कोरबा/नवप्रदेश। शहर के तुलसीनगर स्थित गौरव युवा मंडल द्वारा संचालित कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शाला कोड 332029) एक बार फिर विवादों में आ गया है। आरटीई दावा प्रतिपूर्ति में कथित गड़बड़ी की शिकायत के बाद हुई जांच में वित्तीय अनियमितता के संकेत मिले हैं। आरोप है कि सत्र 2023-24 में नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के नाम पर फर्जी प्रविष्टियां दर्ज कर करीब 11,36,336 रुपये की राशि आहरित कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जिन विद्यार्थियों के नाम पर राशि निकाली गई, वे वर्तमान में किस संस्था में अध्ययनरत हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। मामले की जांच के बाद प्राचार्य के खिलाफ

अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए 3,27,208 रुपये की वसूली योग्य राशि चालान के माध्यम से शासकीय कोष में जमा कराने के आदेश जारी किए गए थे। हालांकि आदेश जारी होने के बाद भी अब तक उक्त राशि जमा नहीं हो सकी है। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं और पूरे मामले में विभागीय उदासीनता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

तुलसीनगर स्थित कौशिल विद्यालय के खिलाफ मिली शिकायत की जांच में खुलासा हुआ कि सत्र 2023-24 के लिए

> तुलसीनगर में संचालित कौशिल विद्यालय के खिलाफ मिली शिकायत की जांच के बाद 11,36,336 रुपये की वसूली योग्य राशि जमा कराने के लिए संचालक को पत्र भेजा जा चुका है। फिलहाल वसूली की प्रक्रिया जारी है।
>
> **- टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा

विद्यालय ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 129 विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत की थी, जिनमें 43 विद्यार्थियों को आरटीई के तहत प्रवेशित बताया गया। जबकि आरटीई पोर्टल में उसी सत्र के लिए केवल 56 विद्यार्थियों की स्वीकृति दर्ज थी। रिकॉर्ड मिलान के दौरान 13 विद्यार्थियों की जानकारी सूची में नहीं पाई गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार इस अंतर और कथित गलत प्रस्तुतिकरण के कारण शासन को लगभग 11 लाख 36 हजार 336 रुपये की वित्तीय क्षति का उल्लेख किया गया है।इसके बावजूद आदेश जारी होने के करीब एक माह बाद भी राशि जमा नहीं होने से पूरे प्रकरण में सवाल और गहरे हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा ने मामले में कार्रवाई करते हुए विद्यालय प्रबंधन को स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पूरी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इस सूची के आधार पर यह स्पष्ट होना था कि जिन बच्चों के नाम पर आरटीई की राशि आहरित की गई, वे वास्तव में विद्यालय में पढ़ रहे थे या नहीं। हालांकि आदेश जारी होने के बाद भी अब तक विद्यालय प्रबंधन की ओर से अध्ययनरत छात्रों की पूरी सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है।

समस्याः वनांचल ग्राम सांकरी में जल जीवन मिशन का हाल, गांव के आधे घरों मे भी नहीं हुआ नल कनेक्शन

तीन साल बाद भी पानी टंकी के पाए जमीन से ऊपर नहीं आ पाए

खैरागढ़/नवप्रदेश। वनांचल ग्राम गातापार जंगल के आश्रित सांकरी मे पिछले पांच वर्षो मे जलजीवन मिशन की नींव ही खड़ी नही हो पाई है । सांकरी मे पेयजल संकट को देखते तीन साल पहले जलजीवन मिशन के तहत पानीटंकी और पाइपलाइन विस्तार के लिए 50 लाख रू से अधिक की स्वीकृति दी गई थी , लेकिन मिशन के कार्य विभागीय और ठेकेदार की लापरवाही के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कार्य के लिए ठेकेदार को भुगतान किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

सांकरी मे जलजीवन मिशन योजना के तहत बनाए जाने वाली पानी टंकी के पाए भी

ठीक से खड़े नही किए जा सके । गांव वनांचल क्षेत्र मे बसा है । जहाँ पेयजल संकटर की स्थिति हर माह बनी रहती है । पांच साल पहले यहां जलजीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण और घरो मे पाइपलाइन विस्तार किया जाना था । लेकिन आधी अधूरी कार्यवाही के चलते ग्रामीणों को अब तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति नही हो पाई । तीन साल पहले टंकी निर्माण के लिए खड़े किए गए पाए जमीन से दो फीट ऊपर आने के बाद ज्यों के त्यो पडे है । ग्रामीणो ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होते ही बंद हो गया इसके बाद न तो ठेकेदार गांव मे कार्य झांकने आया न ही विभागीय अधिकारियो ने निर्माण कार्य की सुध ली ।

वनविभाग ने बनाई व्यवस्था तो मिल रहा पानी

गांव मे पानी का संकट है। आसानी से बोर से पानी नही निकलता है । कुंए की खुदाई सफल नही होती है। ऐसे मे पुराने बोर और हैंडपंप ही एक मात्र पानी का सहारा है। ग्रामीणो ने बताया कि गांव मे पेयजल संकट से निपटने कुछ माह पहले वनविभाग द्वारा गांव से एक किमी दूर बोर करवाकर पाइपलाइन गांव तक पहुँचा कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण गांव के घरो को कुछ हद तक पेयजल नसीब हो रहा है। समय पर वनविभाग ने बोर खनन और पाइपलाइन डालकर आपूर्ति नही कराई होती तो गांव मे पेयजल के लिए अब तक हाहाकार मच चुका होता।

ग्रामीणो ने बताया कि सांकरी मे जलजीवनमिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य शुरू मे अटक गया । पाइपलाइन विस्तार कार्य ठेकेदार ने शुरू कराया लेकिन आधे घरो मे भी नल कनेक्शन नही मिल पाया । आधे अधूरे पाइपलाइन डालकर ठेकेदार काम बंद कर नदारद हो गया है । मामले मे ग्रामीणो ने पंचायत और जनप्रतिनिधियो के माध्यम से पीएचईविभाग सहित प्रशासन को जलजीवन मिशन कार्य पूरा कराने कई बाद मांग और ज्ञापन पत्र सौंपा लेकिन जिले मे केवल कागजों मे चल रही जलजीवन मिशन योजना का लाभ अब तक ग्रामीणो को नही मिल पाया है ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com